● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 20, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 18 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



अव्यवस्था के कारण हो रहे सड़क हादसे: अखिलेश 5

हार्दिक चैम्पियंस ट्राफी में रच सकते हैं इतिहास 6

# अटल जी की सरलता, विनम्रता और उनके जीवन मूल्य हमें आज भी जीना सिखाते हैं : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने मुरैना में भारत रत्न स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का किया अनावरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा के अनावरण के साथ ही मुरैना में नया इतिहास लिखा गया है। स्व. वाजपेयी राजनीति के मर्मज्ञ थे। वे सदैव सच्चाई के लिए जिये। वे पूरे भारत को अपना परिवार मानने वाले विराट हृदय व्यक्तित्व थे। स्व. वाजपेयी लोकतांत्रिक परम्पराओं का पालन करने वाले कालजयी महापुरूष थे। उनकी सहजता, सरलता, विन्रमता और उनके जीवन मूल्य हमें आज भी जीना सिखाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुरैना में अटल जी की प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह को नहीं देखा, पर अटल जी को करीब से देखा है। उन्हें शत-शत नमन है। देश को लोकतंत्र का एक नायक अटल जी के रूप में मिला। कोई नेता पक्ष में हो या विपक्ष में, एक जैसी भाषा बोले, ये हमने अटल जी के व्यक्तित्व में ही देखा है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया में देश का गौरव बढ़ाया था। अटल जी भारत माता के सच्चे सपूत थे। उन्होंने 50 साल तक विपक्ष में बैठकर लोकतंत्र और संसदीय परम्पराओं को सशक्त करने का अभूतपूर्व कार्य किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी ने अपनी कविता में कहा था कि क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, संघर्ष पथ पर जो भी मिला, ये भी सही और वो भी सही। स्व. वाजपेयी के योगदान को हमारा देश कभी नहीं भूल पाएगा। पावर्ती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) और केन-बेतवा (केबी) नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना उन्हीं की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उनकी सोच को हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने क्रियान्वित किया है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री श्री मोदी का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में हमने 70 हजार करोड़ रूपए की नदी जोड़ो परियोजना से मध्यप्रदेश में जल संग्रहण का एक नया अभियान शुरू किया है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने स्थानीय जन-प्रतिनिधियों की मांग पर मुरैना नगर निगम की सीमा क्षेत्र से लगी 13 ग्राम पंचायतों के सभी गांवों में जरूरी विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ रुपए और मुरैना शहर में इलेक्ट्रिसिटी पोल शिफ्टिंग कार्य के लिए 10 करोड़ रूपए विकास राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुरैना शहर में बोट क्लब के साथ जहाँ जरूरी हैं, वहाँ सड़कें भी बनाई जाएंगी। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मुरैना आगमन यहां के विकास में चार चांद लगाएगा। स्व. वाजपेयी की प्रतिमा जनसेवा में लगे स्थानीय युवाओं को प्रेरणा देगी।

अटल जी ने अपने कार्यों से देश के करोड़ों लोगों के हृदय में स्थान बनाया था। वे हमेशा कहा करते थे कि सत्ता पाना नहीं, वरन् शक्तिशाली, समृद्ध, समर्थ और विकसित भारत का निर्माण ही हमारी मंजिल होना चाहिए।

# भारत आए कतर के अमीर अल थानी

## पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर पहुंचकर की अगवानी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचकर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की अगवानी की है। इस दौरान उन्होंने कतर के अमीर से गले लगकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर समेत कई अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बता दें कि, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी 17-18 फरवरी को भारत की राजकीय यात्रा पर पहुंचे हैं।



अपनी यात्रा के दौरान शेख तमीम बिन हमद अल थानी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। 18 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में शेख तमीम बिन हमद अल थानी का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। भारत और कतर के रिश्तों को बढ़ाने के मकसद से विदेश मंत्री एस. जयशंकर एक साल में चार बार कतर की यात्रा कर चुके हैं।

कतर भारत का सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकता है। वित्त वर्ष 2022-23 में कतर के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 18.77 अरब डॉलर था। दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध हैं। कतर में लगभग 8 लाख भारतीय नागरिक हैं, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग, शिक्षा, फाइनेंस और लेबर जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं।

इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने कतर के अमीर के भारत दौरे की जानकारी देते हुए बताया था कि, प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी इस हफ्ते दो दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे। उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा।

# बजट सत्र के दौरान निलंबित हुए चार भाजपा विधायक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी और तीन अन्य भाजपा विधायकों को स्पीकर बिमान बनर्जी ने निलंबित कर दिया। इन विधायकों पर आरोप है कि उन्होंने सदन में अभद्र व्यवहार किया। इन चारों विधायकों को सदन के वेल में आकर कामकाजी दस्तावेजों को फाड़ने और फेंकने के कारण निलंबित किया गया।

बता दें कि निलंबित होने वाले विधायकों में सुवेंदु अधिकारी, अग्निमित्र पाल, बंकिम घोष और विश्वनाथ कारक शामिल हैं। ये सभी विधायक उस वक्त निलंबित किए गए जब भाजपा सदस्य एक स्थगन



प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए सदन में घुस गए थे। यह विवाद तब शुरू हुआ जब पाल ने राज्य में सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस सुरक्षा में आयोजनों की चर्चा करने के लिए स्थगन प्रस्ताव लाया, जिसे स्पीकर ने स्वीकार नहीं किया। इसके बाद, भाजपा विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट किया। भाजपा विधायकों के इस विरोध पर तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने कहा कि यह विरोध विधानसभा की कार्य संस्कृति के खिलाफ था और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

भाजपा विधायक अग्निमित्र पाल ने बाद में विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राज्य में कुछ स्थानों पर पुलिस सुरक्षा के साथ सरस्वती पूजा आयोजित की जानी थी, जिसमें कोलकाता में एक लॉ कॉलेज भी शामिल था, और यह सब कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर हो रहा था। पाल ने बताया कि भाजपा विधायकों ने वॉकआउट किया क्योंकि अध्यक्ष ने उनके द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा करने से मना कर दिया था।

# जल्द सुनवाई न होना आरोपी के मौलिक अधिकारों का हनन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चाहे जितना भी गंभीर अपराध हो, जल्द सुनवाई आरोपी का मौलिक अधिकार है और यह संविधान के अनुच्छेद 21 में शामिल है। यूएपीए कानून की धाराओं में जेल में बंद आरोपी को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी की। आरोपी बीते पांच वर्षों से पुलिस हिरासत में था। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की सदस्यता वाली पीठ ने आरोपी को जमानत दी, जिसे छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सल गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# विदेश मंत्री ने भारत-ओमान संबंधों को बताया खास

**मस्कट।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ओमान दौरे पर हैं। सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ओमान में आयोजित हो रहे आठवें हिंद महासागर सम्मेलन को संबोधति किया। डॉ. जयशंकर ने भारत और ओमान के कूटनीतिक संबंधों के 70 साल पूरे होने के अवसर पर एक लोगो भी लॉन्च किया। साथ ही दोनों देशों की साझा विरासत पर एक किताब का विमोचन भी किया।

विदेश मंत्रालय ने बयान में बताया विदेश मंत्री आठवें हिंद महासागर सम्मेलन में उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। अपने संबोधन में विदेश मंत्री भारत के समर्पण को रेखांकित करेंगे, जिसमें क्षेत्रीय



सहयोग को मजबूत करने और स्थिर और समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र की बात कही गई है। विदेश मंत्री ने ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र अलबुसैदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने पर बात की गई। विदेश मंत्री ने ओमान की सरकार को हिंद महासागर सम्मेलन आयोजित करने के लिए सराहा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ओमान के विदेश मंत्री के साथ मिलकर मांडवी टू मस्कट- भारतीय समुदाय और भारत और ओमान का साझा इतिहास नामक किताब का विमोचन किया। इस किताब में ओमान में भारतीय मूल के लोगों के योगदान और सदियों पुराने दोनों देशों के लोगों के संबंधों पर प्रकाश डाला गया है।

हिंद महासागर सम्मेलन से इतर डॉ. जयशंकर ने ब्रुनेई, बांग्लादेश, ईरान, भूटान, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस, नेपाल के विदेश मंत्रियों से भी द्विपक्षीय मुलाकात की। इन बैठकों में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर आपसी सहयोग और हिंद महासागर में समन्वय और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

# नर्सिंग छात्रों को 4 साल से नहीं मिली छात्रवृत्ति

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नर्सिंग विद्यार्थियों को पिछले चार वर्षों छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं उनकी परीक्षाओ को भी समय पर नहीं कराया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों में नाराजगी है। सोमवार को एनएसयूआई के नेतृत्व में नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने मध्यप्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया छात्र छात्राएं अपनी मांगों को लेकर राजभवन जाना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रेडक्रॉस अस्पताल के पास ही रोक लिया इस बीच छात्र छात्राओं ने सड़क पर बैठ कर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

# दिल्ली-एनसीआर में 4.0 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आज सवेरे भूकंप के तेज भटके महसूस किये गये। भूकंप सवेरे 5.36 बजे आया। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत भूकंप के रिकॉर्ड करने वाली संस्था- नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने, संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया जाता है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

दहशत में आकर लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटके इतनी तेज थे कि घरों से बर्तन नीचे गिरने लगे और घरों में जबरदस्त कंपन हुआ। दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने भूकंप के झटकों के बाद अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर सलामती की कामना की। अमेरिकी संस्था- यूएसजीएस ने भी दिल्ली-एनसीआर में भूकंप की पुष्टि की।

# महाकुंभ में परमाणु तकनीक से हो रही सफाई

**प्रयागराज।** महाकुंभ में अभी तक 50 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं, लेकिन अभी तक महाकुंभ में किसी तरह की कोई बीमारी फैलने का कोई संकेत नहीं है। यह आंकड़ा अमेरिका और रूस की संयुक्त आबादी से भी ज्यादा है। देश के विज्ञान मंत्री ने इसका श्रेय परमाणु प्रौद्योगिकी के चमत्कार को दिया। केंद्रीय विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि %50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहले ही महाकुंभ में आ चुके हैं और फिर भी स्वच्छता संबंधी किसी दिक्कत या महामारी के खतरे का कोई संकेत नहीं है। उन्होंने रविवार को संगम में स्नान किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह एक बड़ी बात है और यह अनूठी उपलब्धि परमाणु तकनीक पर आधारित सीवेज उपचार संयंत्रों के कारण संभव हुई है। ये संयंत्र मुंबई स्थित भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और कलपक्कम स्थित इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र ने स्थापित किए हैं। ये दोनों संस्थान परमाणु ऊर्जा विभाग से संबंद्ध हैं। बता दें कि महाकुंभ में हाइब्रिड ग्रैन्युलर सीक्रेंसिंग बैच रिएक्टर या द्धद्स्क्क तकनीक पर आधारित सीवेज उपचार प्रणाली तैनात की गई है। ये संयंत्र गंदे पानी को साफ करने के लिए सूक्ष्मजीवों का उपयोग करते हैं और इन्हें अक्सर फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट कहा जाता है। इस तकनीक का अनुसंधान और विकास परमाणु ऊर्जा विभाग में तैनात डॉ. वेंकट ननचारैया ने किया है। गंगा नदी के तट पर स्थित इन संयंत्रों से महाकुंभ स्थल पर प्रतिदिन लगभग 1.5 लाख लीटर सीवेज का उपचार किया जा सकता है। इस तकनीक की खास बात ये है कि इसमें कम जमीन, कम बुनियादी ढांचे और कम परिचालन लागत आती है। इस तकनीक में परिचालन लागत 30-60 प्रतिशत तक कम हो सकती है।

महाकुंभ में करोड़ों लोगों के आने और खुले में शौच और गंदे पानी के कारण हैजा और दस्त जैसी बीमारियां फैलने की घटनाएं हो जातीं थी, लेकिन इस साल उत्तर प्रदेश सरकार ने मेला स्थल पर 1.5 लाख शौचालय बनवाए हैं। मेला स्थल पर 11 स्थायी सीवेज उपचार संयंत्र और तीन अस्थायी संयंत्र लगाए गए हैं। 200 से अधिक मशीनों से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

# कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किया किनारा

**नई दिल्ली।** अक्सर विवादों में रहने वाले भारतीय ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा एक बार फिर से विवादित बयान दिया है। जिसे लेकर देश में राजनीति तेज हो गई है। वहीं भाजपा के हमले के बाद कांग्रेस पार्टी ने खुद को सैम पित्रोदा के बयान अलग कर लिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता और महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि, सैम पित्रोदा का बयान पार्टी के विचार नहीं हैं। मामले में जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- सैम पित्रोदा की तरफ से चीन पर व्यक्त किए गए विचार निश्चित रूप से भारतीय



राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में आगे लिखा- चीन हमारी सबसे बड़ी विदेश नीति, बाहरी सुरक्षा और साथ ही आर्थिक चुनौती बना हुआ है। कांग्रेस ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाए हैं, जिसमें 19 जून, 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा चीन को सार्वजनिक रूप से क्लीन चिट देना भी शामिल है।

# भाजपा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर कांग्रेस से चर्चा हुई

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की ओर से लगाए गए आरोपों पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने पलटवार किया है। दरअसल, सीएम सरमा ने गोगोई की पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए थे। अब गोगोई ने भाजपा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी में चर्चा की जा रही है, जल्द ही कोई जरूरी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा, कल असम के सभी लोगों ने मुख्यमंत्री के चेहरे को देखा। देख कर ही पता चल गया कि मुख्यमंत्री के मन में कोई चिंता है, जो होना स्वाभाविक है, क्योंकि मुख्यमंत्री डरे हुए हैं।

# बिजली संयंत्रों से निकलने वाले प्रदूषण से घट रही पैदावार

**नई दिल्ली।** भारत में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से निकलने वाला प्रदूषण किसानों के लिए महंगा साबित हो रहा है। इन संयंत्रों से उत्सर्जित नाइट्रोजन ऑक्साइड देश के कई हिस्सों में गेहूं और धान की पैदावार को हर साल 10 फीसदी या उससे अधिक तक कम कर रहा है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के डोएर स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी के वैज्ञानिकों के शोध में यह सामने आया है, जिसके निष्कर्ष प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पनास) पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं ने एक विशेष मॉडल का उपयोग करके यह अध्ययन किया कि कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से होने वाला प्रदूषण फसलों को किस तरह प्रभावित करता है। इसके लिए उन्होंने वायु प्रवाह के पैटर्न, 144 बिजली संयंत्रों की गतिविधियों और उपग्रह से मिले आंकड़ों का विश्लेषण किया। इससे पता चला कि यदि इन संयंत्रों से निकलने वाले नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन पर नियंत्रण किया जाए तो गेहूं और धान की पैदावार में सुधार हो सकता है, जिससे किसानों को सालाना 82 करोड़ डॉलर तक का आर्थिक लाभ हो सकता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह बिजली संयंत्र 100 किलोमीटर के दायरे में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के स्तर को बढ़ा रहे हैं जिससे आसपास की फसलें प्रभावित हो रही हैं।

# संगम तट पर उमड़ा आस्था का अनंत विश्वास

**प्रयागराज।** महाकुंभ में सोमवार फाल्गुन कृष्ण पंचमी तिथि को बिना किसी विशेष तिथि-मुहूर्त के ही संगम पर आस्था का जन ज्वार उमड़ पड़ा। भोर में ही संगम जाने वाले रास्ते श्रद्धालुओं से भर गए। प्रयागराज जंक्शन, रामबाग और झूंसी सहित किसी स्टेशन पर पैर रखने की तक की जगह नहीं रही। जितने श्रद्धालु मेला से निकलकर अपने गंतव्य को जा रहे हैं, उससे ज्यादा स्नानार्थी संगम तट पर पहुंच रहे हैं।



महाकुंभ की ओर जाने वाली सड़कों पर सिर्फ गठरी, झोला लिए श्रद्धालुओं की भीड़ ही दिख रही है। सड़कों पर इस कदर आस्था हिलोरें मारती रही कि पैदल संगम से शहर तक मौनी अमावस्या सरीखा दृश्य नजर आ रहा है। संगम में अमृत स्नान के लिए आस्था का जन प्रवाह इसी तरह उफनाता रहा। दोपहर दो बजे तक करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का मेला प्रशासन ने दावा किया है। आंकड़े के मुताबिक अब तक करीब 54 करोड़ श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके हैं। सोमवार को भी संगम पर तिल रखने की जगह नहीं बची।

भीड़ का दबाव बढ़ा तो प्रशासन की ओर से एक बार फिर संगम जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग करनी पड़ी। सुबह 10 बजे भीड़ बढ़ने पर केंद्रीय अस्पताल जाने वाले रास्ते पर भी पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। पखवारे भर से लगा आस्था का तांता आधी रात के बाद और तेज होने से संगम जाने वाली सड़कों पर हर तरफ जन ज्वार देख पांटून पुलों के साथ ही शहर के बाहर की सीमा पर भी वाहनों को रोका जाने लगा। संगम जाने वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गए। अमृतमयी त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी के लिए एक लय में रात तक भक्ति की लहरें हिचकोले खाती रहीं।

संगम पर भक्ति की लहरों के एक बार फिर उठने के बाद मेला प्रशासन की ओर से घाटों पर भीड़ न लगाने की लगातार अपील की जा रही है। संगम के घाटों पर हर तरफ स्नानार्थी ही नजर आ रहे थे। कोई दंड-कमंडल लेकर तो कोई सिर पर गठरी और कंधे पर झोला-बोरा लिए संगम की ओर बढ़ रहा है। रास्ते भर जय गंगा मैया, हर-हर महादेव और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष लगाते लाखों श्रद्धालु देर रात तक संगम पहुंच चुके हैं। उधर,बढ़ती भीड़ के बीच संगम जाने वाले मार्गों पर शहर के लोगों ने भी श्रद्धालुओं की मदद और सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी।

रेलवे स्टेशनों से लेकर मेले तक भीड़ ही भीड़ नजर आ रही है। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण भारी भीड़ हुई थी। माना जा रहा था कि सोमवार को श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आ सकती है, लेकिन सारे अनुमान गलत निकले।

रविवार देर रात से ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ने लगा और सोमवार को दोपहर होते होते फिर भीड़ संगम क्षेत्र की ओर बढ़ने लगी। जितने श्रद्धालु स्नान करके लौट रहे हैं उससे ज्यादा लोग पहुंच रहे हैं। स्नान के बाद श्रद्धालु श्री बड़े हनुमानजी का दर्शन भी कर रहे हैं।

# राजस्व वसूली निर्धारित लक्ष्य के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करे : कलेक्टर

## सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का समय पर संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के दिए निर्देश

**सिंगरौली।** सभी राजस्व अधिकारी मार्च माह में राजस्व वसूली निर्धारित लक्ष्य के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं के साथ साथ स्व रोजगार योजनाओं लक्ष्य के अनुरूप 15 मार्च के पूर्व शत प्रतिशत पूर्ण करे। एवं सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करे उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिया गया।



कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन एवं जन सुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनो के निराकरण की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि अभी भी कुछ विभागों के द्वारा शिकायतों के निराकरण में रूचि नही ली जा रही है जिसके कारण जिले के रैकिंग प्रभावित हो रही है।तीन दिवस के अंदर संबंधित विभागीय अधिकारी संतुष्टि पूर्वक शिकायतों का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुयें राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली किया जाना सुनिश्चित किया जायें।

वही स्वरोजगार योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 मार्च के पूर्व शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करे। कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तैयारियों की समीक्षा करते हुयें नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण से संबंधित सभी पैरामीटरों पर शत प्रतिशत कार्य किया जाना सुनिश्चित करायें। साथ ही इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण मे निगम की रैकिंग टॉप 5 आए यह सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र के वार्डो के नाले नालियों की साफ सफाई कराने के साथ ही नागरिको को स्वच्छ पेयजल उपलंब्ध कराये। साथ नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्र के प्रमुख स्थलो का चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने एमपीआरडीस के अधिकारी को निर्देश दिए कि देवसर तहसील में निर्माणाधीन मुख्य सड़क में किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की नियमानुसार कार्यवाही करे। कलेक्टर ने इस आशय के भी निर्देश दिए कि न्यायालयों में चल रहे प्रकरणो का समय सीमा के अंदर जबाव दिया जाना सुनिश्चित करे इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय, सीएम हाउस, बाल संरक्षण आयोग सहित मानव अधिकार आयोग के साथ साथ जन प्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रो का समय पर जबाव दिया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी के लिए पंजीयन 31 मार्च तक

**सिंगरौली।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से 31 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप ई उपार्जन पोर्टल तथा ई उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति ने बताया कि जिले में गेंहू उपार्जन के लिए 28 केन्द्र प्रस्तावित किए जा रहे हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। उन्होने बताया कि किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना ऑनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# निगरी के ग्रामीणो ने पालक मंत्री को सौपा ज्ञापन, शासकीय तालाब निजी किसान के नाम कैसे

## प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर को जांच के दिए निर्देश, 150 वर्ष से अधिक पुराना तालाब गांव का सार्वजनिक निस्तार



**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश सरकार की मंत्री एवं सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके सुहिरा अमिलिया के दौरे पर निगरी वाय रोड़ से गुजरते समय शिवपाल तालाब के पास ग्राम पंचायत सरपंच व गांव के सैकड़ों किसानो ने गाड़ी रोक कर ज्ञापन सौंपा। दरअसल निगरी के आराजी नं 282,284,288 पर शासकीय सामुदायिक भवन वर्ष 2017 मे निर्माण हुआ है एवं आगनवाडी भवन केन्द्र क्र 6 भी वर्ष 2017 में निर्माण हुआ है तथा उक्त अराजी नं पर सार्वजनिक तालाब लगभग 150 वर्ष पूर्व से बना हुआ है जिसमे हर वर्ष शासन द्वारा गहरीकरण भी कराया जाता रहा है तालाब में पक्की घाट का निर्माण भी हुआ है,पूरे गांव के लोगो का नहाने धोने एवं गमी में निस्तार होता है,उक्त अराजी नं पर ही वर्ष 2017-18 मे शासकीय बृक्षा रोपण किया गया है जो पूरी तरह से पेंड पौधे फलदार व छायादार तैयार हो गया है,चूंकि जो आराजी नं 282,284,288 को रामसाचे दुबे द्वारा अपने सरपंची कार्यकाल के दौरान अपने नाम पट्टा बनवा लिया है जो निराधार है,पूर्व से ही वह आराजी नम्बर मध्यप्रदेश शासन की भूमि थी और आज भी लोग शासन की भूमि ही जानते है,उक्त आराजी नम्बर में सामुदायिक भवन व आगनवाडी भवन के सामने मिट्टी डलवा कर सार्वजनिक निस्तार को अवरूद्ध किया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव एवं सैकड़ों किसानो ने प्रभारी मंत्री को आवेदन दिया है कि जांच कराकर उक्त भू-माफियाओ से जमीन को मध्यप्रदेश शासन कर सार्वजनिक निस्तार के लिए यथावत किया जाय। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जांच सहीं नहीं हुआ तो आन्दोलन भी करेंगे।

# धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरूद्ध उपयोग की जॉच हेतु उड़नदस्ता दल गठित

**सिंगरौली**

शासन के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थान में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउड स्पीकर/डीजे) आदि का उपयोग किया जा सकेगा। राज्य शासन निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण तथा लाउड स्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जाँच के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के उड़दस्ता दल गठित किया गया है।जारी आदेश में उड़नदस्ता दल को निर्देशित किया गया है कि उड़नदस्ते द्वारा नियमित एवं आकस्मिक रूप से निर्धारित उपकरणों के साथ ऐसे धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थानों का औचक निरीक्षण, जहां ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग होता हो तथा प्राप्त शिकायतों की आकस्मिक जांच की जावे तथा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जावे। साथ ही उड़नदस्ते द्वारा जॉच के निर्देश प्राप्त होने पर तत्काल जॉच कर अधिकतम 3 दिवसों के अंदर समुचित जॉच प्रतिवेदन संबंधित सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया जाये।कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सिंगरौली को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी एवं समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी घोषित किया जाता है। समस्त सक्षम प्राधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि समस्त सक्षम प्राधिकारी उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत गठित उड़नदस्ता दलों के कार्यों की सतत् मॉनीटरिंग करेंगे एवं दल के द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुये मासिक जानकारी जिला स्तर पर नोडल अधिकारी अपर जिला दण्डाधिकारी सिंगरौली के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

# जयंत से लापता बालक को पुलिस ने गुजरात के सूरत से किया दस्तयाब

**सिंगरौली**

बीते 9 फरवरी को घर से बाजार जाने के लिए निकले 16 वर्षीय बालक के लापता होने के बाद अब जयंत पुलिस ने उसे गुजरात के सूरत से दस्तयाब किया है। सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निदेश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक पी0एस0परस्ते की सतत निगरानी एवं थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी जयंत सुधाकर सिंह परिहार द्वारा अपनी टीम के साथ सूरत गुजरात से बालक को ढूंढ निकाला गया।



गौरतलब है कि फरियादी श्रीनाथ पिता छोटेलाल निवासी नेहरू बारफाल कालोनी जयंत ने रिपोर्ट दर्ज कराया थी कि उसका 16 वर्षीय लड़का दिनांक 9 फरवरी को करीबन 10.30 बजे घर से बाजार जाने को कहकर निकला जो घर वापस नही आया है, जिसकी कई जगह पता तलाश करने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। फरयादी की रिपोर्ट पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन प्राप्त कर चौकी प्रभारी ने धारा 137 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान साइबर सेल की मदद से बालक के मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया गया। जो सूरत गुजरात की थी। उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह परिहार ने एक टीम गठित कर अपहृत बालक की दस्तयाबी हेतु गुजरात रवाना की गई। जो अपहृत बालक को शनिवार को दिल्ली गेट सूरत गुजरात से दस्तयाब कर लाया गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी जयंत उनि सुधाकर सिंह परिहार सउनि रवि गोस्वामी, प्रआर सुनील मिश्रा आर महेश पटेल की सराहनीय भूमिका रही है।

# 28 फरवरी तक समग्र आईडी से लिंक करनी होगी कर्मचारी आईडी

**सिंगरौली।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी ने बताया कि समग्र आईडी और आईएफएमईएस के एम्प्लाइ आईडी की मैपिंग का काम 28 फरवरी तक पूरा किया जाना है। उन्होंने ने बताया कि समग्र आईडी की आईएफएमईएस के एम्प्लाय आईडी से मैपिंग होना है । समग्र आईडी की लिंक समग्र पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य है। समग्र आईडी केवायसी अपडेट होने के बाद कर्मचारी अपनी एम्प्लाई आईडी व पासवर्ड का उपयोग कर आईएफएमईएस पोर्टल पर सत्यापन की कार्यवाही पूरी कर सकते है।

# गनियारी से लापता 2 नाबालिक वाराणसी में मिले, परिजनों ने जताई थी अपहरण की आशंका

**सिंगरौली।** बीते शनिवार शाम बैढन क्षेत्र के गनियारी से लापता दो नाबालिकों के अपहरण की गुत्थी पुलिस में सुलझा ली है। दोनों को वाराणसी से दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंपा गया।



गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा अपहृत गुम बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, सीएसपी पी.एस. परस्ते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अशोक परिहार एवं उनि अभिषेक पाण्डेय व पुलिस टीम द्वारा 02 अपहृत बालकों को बनारस (उ.प्र.) से दस्तयाब किया गया।जानकारी अनुसार शनिवार को फरियादी मनोज सोनी पिता विजय सोनी एवं उमेश सिंह पिता श्यामलाल सिंह दोनों निवासी गनियारी द्वारा सूचना दर्ज कराई गई कि इनके लड़के कृष्णा कुमार सोनी उम्र 14 वर्ष तथा शुभम सिंह उम्र 15 वर्ष आज शाम 7.30 बजे घर से गायब हैं, पता तलाश पर पता नही चल रही है। सूचना पर थाना बैढ़न में पृथक पृथक अपराध क्र. 196/25 धारा 137(2) बीएनएस एवं अप.क्र. 202 / 25 धारा 137 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार द्वारा उनि अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस बल की तीन टीमें गठित कर अपहृत बालकों की हर संभव यथा स्थान पर पता तलाश कराई गई। बालक कृष्णा सोनी के पिता मनोज सोनी एवं सोशल मीडिया में बालक कृष्णा सोनी के अपहरण की संभावना बताई जा रही थी जिसे कोतवाली पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए पता तलाश के दौरान अपहृत बालक कृष्णा कुमार सोनी एवं शुभम सिंह को सोमवार प्रात: काशी बनारस से दस्तयाब किया गया। जिनके द्वारा स्वेच्छा से काशी बनारस घूमने जाना बताया गया, अपहरण की बात निराधार पाई गई है। बालकों को सकुशल उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपहृत बालकों को पाकर परिजनों द्वारा काफी खुशी व्यक्त की गई। संपूर्ण कार्यवाही में विशेष योगदान थाना प्रभारी बैढ़न निरी. अशोक सिंह परिहार, उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि अरविन्द द्विवेदी, सउनि अशोक सिंह बघेल, सउनि पप्पू सिंह, प्रआर शिवम सिंह, प्रआर जीतेन्द्र सेंगर का रहा।

# सांसद की अध्यक्षता में सड़क सुरंक्षा समिति की बैठक आज

**सिंगरौली।** सांसद सीधी सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्र के अध्यक्षता में 18 फरवरी 2025 को शायं 5 बजे सड़क सुरंक्षा समिति की बैठक आयोजित होगी। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित अधिकारियो को निर्धारित समय पर तैयारियों के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

# एनसीएल ने 3 सैकड़ा बच्चों की सर्जरी कराने ली जिम्मेदारी

**सिंगरौली।** एनसीएल ने नन्हा सा दिल सीएसआर पहल के तहत जन्मजात हृदय रोग सीएचडी से पीड़ित बच्चों के लिए जीवन रक्षक सर्जरी प्रदान करने के लिए सत्य साई स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट एसएसएसएचईटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

शास्त्री भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सचिव कोयला, विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, अध्यक्ष सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट, डॉ. सी श्रीनिवास सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। नन्हा सा दिल पहल के तहत एनसीएल द्वारा सिंगरौली परिक्षेत्र में जन्मजात हृदय रोग सीएचडी से पीड़ित बच्चों के लिए 345 स्क्रीनिंग शिविर के माध्यम से 17000 से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग कर उन्हें इको विश्लेषण और आगे उपचार के लिए डायग्नोस्टिक सेंटर, बीना परियोजना, एनसीएल में भेजा जाएगा।

# कमिश्नर, स्वच्छता नोडल अधिकारी सिटाडेल पर मेहरबान ?

## हर महीने एक करोड़ 20 लाख से ज्यादा का हो रहा भुगतान, सफाई अभियान की निकली हवा

**सिंगरौली।** कमाई के मामले में सिंगरौली प्रदेश भर में अव्वल है यही वजह है कि अधिकारियों के लिए यह सबसे पसंदीदा जिले में सुमार है, यहां की आबादी अभी भी स्वच्छता एप पर शिकायत ना के बराबर कर रहे हैं। शहर में गंदगी का अंबार है। चर्चा हैं कि सफाई संविदा कार सिटाडेल कंपनी अपनी हनक के दम पर नाम मात्र का डोर टू डोर कचरा उठाकर हर महीने करोड़ का भुगतान करवा रहा है। सफाई घोटाले में नगर निगम अधिकारी बराबर के राजदार हैं।

गौरतलब है कि की नगर पालिक निगम के सभी 45 वार्डों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, मोहल्लों की नली सहित मुख्य नाला कचरे से पटा है। कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां दशकों से ना तो कचरा की गाड़ी पहुंची हैं और ना ही नालियां साफ की गई है। वार्ड के लोग खुद अपनी नालियां साफ करने के लिए मजबूर है। नपानि के सूत्र बताते हैं नगर निगम सिटाडेल कंपनी हर महीने एक करोड़ 20 लाख से ज्यादा का भुगतान कर रहा है। स्वच्छता एप में की गई शिकायतों को रिजेक्ट किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि यदि कचरा? संग्रहण निस्तारण की सही जांच हो जाए तो करोड़ों का घोटाला का खुलासा हो सकता है। इस खेल में नगर निगम कमिश्नर, नोडल अधिकारी और सिटाडेल कंपनी के अलावा भोपाल स्तर के एक नेता का नेता शामिल हैं।

शहरी क्षेत्र में वार्ड में कचरा गाड़ी के पहुंचने का समय निर्धारित नहीं है। कचरा गाड़ी का भी सुबह तो कभी दोपहर तो कभी देर शाम पहुंच रही है। सूत्र बताते हैं कि नगर निगम में जरूर से आधी संख्या में कचरा वाहन लगाए गए हैं। वह मुश्किल कचरें की 25 से 30 गाड़ियां ही चल रही है।कई गाड़ियां चलने की स्थिति में नहीं है। हालांकि गाड़ियां कागजों में जरूर दौड़ रही है। यदि जीपीएस सिस्टम लगाया गया हो तो सिटाडेल और निगम अधिकारियों की पोल खुल जाए। लेकिन ठेकेदार जीपीएस सिस्टम नहीं लगा कर इस पूरे खेल को खेल रहा है।

### इनका कहना है

चार महीने से नाली की साफ सफाई नहीं हुई है, नाली में कचरा सड़ जाने के कारण बदबू आ रही है, मच्छर पनप रहे हैं बीमारी का खतरा है, लेकिन सफाईकर्मी कब आएंगे भगवान जाने।

**पुष्पा साहू - वार्ड - 8**

# बेकाबू बोलेरो कैमोर पहाड़ के खाई में गिरी

## 4 श्रद्धालु युवको की दर्दनांक मौत, 9 श्रद्धालु घायल

**सिंगरौली।** जयंत से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बोलेरो वाहन रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे सीधी जिले के अमिलिया मार्ग स्थित कैमोर पहाड़ के कोदौरा में अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना सीधी जिले की सीमा पर स्थित कैमोर मूड़ा पहाड़ के सुनसान इलाके में हुई। बोलेरो की तेज रफ्तार के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन गहरी खाई में गिर गया। बोलेरो में कुल 13 लोग सवार थे। जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। साथ ही हादसे की जानकारी देर रात मिली। लेकिन सुबह लगभग 5 बजे स्थानीय लोगों को घटना की सूचना मिली। इसके बाद एंबुलेंस को बुलाया गया और घायल व्यक्तियों को जिला अस्पताल सीधी के रवाना किया गया। जहां घायलों को नेहरू चिकित्सालय जयंत के रेफर कर दिया गया। वही 3 शव को जयंत पुलिस चौकी क्षेत्र के जैतपुर पहुंचा। वही देर शाम एक मृतक का शव उसके गृह ग्राम तियरा पहुंचा है। जहां मृतको का पूरा परिवार बदहवास हालत में पहुंच गया है। बताया जाता है कि इस सड़क हादसे में संदीप उर्फ सोनू साहू उम्र 25 वर्ष पिता प्रहलाद साहू, प्रमोद यादव 26 वर्ष, रमाकांत साहू 26 वर्ष, सुजीत यादव पिता केशचंद यादव तियरा उम्र 24 वर्ष की मौत हो गई है। वही जबकि नीरज कुमार वैश्य 23 वर्ष कृष्णा वैश्य 26 वर्ष पिता श्याम बिहारी वैश्य जयंत, प्रदीप साहू पिता रामप्रताप साहू, कृष्णा साहू पिता छद्धारीलाल साहू, चालक प्रदीप साहू अन्य घायल हैं।

### स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों ने की थी मदद

जानकारी के मुताबिक उक्त सड़क हादसे के बाद परिजनों को जैसे ही जानकारी मिली पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस और प्रशासन ने तत्काल स्थिति को संभाला और घायलों को राहत देने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की। स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य में योगदान दिया। प्रशासन मृतकों के परिवारों को सहायता प्रदान कर रहा है और घायलों का उपचार जारी है और पूरे गांव में मातम छा गया है।

### क्रिकेट खेल के प्रेमी थे मृतक

जानकारी के मुताबिक जैतपुर निवासी तीनों एवं तियरा निवासी युवक क्रिकेट खेल प्रेमी थे। रोजाना सुबह जैतपुर निवासी युवक जंयत पुलिस के साथ अभ्यास मैच खेलते थे। घटना के एक दिन पूर्व पुलिस कर्मियों के साथ क्रिकेट भी खेले थे। लेकिन किसे पता था कि अब उनका आखिरी मैच है। जैतपुर निवासी उक्त युवको की दर्दनांक मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। वही शोकसंवेदना व्यक्त करने वालों का ताता लगा हुआ है।

# शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे। स्वयं भी शिकायतकर्ताओं से संपर्क करेंगे तथा अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आगामी एक सप्ताह में अभियान चलाकर अधिक से अधिक शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर द्वारा समस्त उपखण्ड अधिकारियों तथा पंचायत विभाग के अधिकारियों को 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को अभियान चलाकर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होने निर्देशित किया है कि इस कार्य में उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## बोर्ड परीक्षाओं में रखें कड़ी निगरानी

कलेक्टर ने कहा कि आगामी समय में जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न होनी है। सभी बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता बनी रहे तथा शांतिपूर्ण ढंग से निर्विघ्न परीक्षाएं सम्पन्न हों। जिले में पेपर लीक या सामूहिक नकल जैसी घटनाएं नहीं हो। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को बोर्ड परीक्षाओं के दौरान कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर प्रशांत त्रिपाठी, उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी, डीएसपी गायत्री तिवारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौपालन एवं गौसंवर्धन समिति की बैठक सम्पन्न

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गौशाला परियोजना समन्वय समिति एवं जिला गौपालन एवं गौसंवर्धन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होने निर्देशित किया है कि जिले में स्वीकृत नवीन गौशालाओं को समय-सीमा में पूर्ण किया जाये तथा पूर्ण हो चुके गौशालाओं को संचालित करने की प्रक्रिया तत्काल की जाये। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने गौशाला संचालकों को निर्देशित किया है कि गौशाला हेतु उपलब्ध कराई गई राशि का ब्यौरा गठित टीम को उपलब्ध कराये।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर प्रशांत त्रिपाठी, उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी, डीएसपी गायत्री तिवारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 14 फीट नीचे खाई में गिरी बोलेरो, महाकुंभ जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत, चार गंभीर

**सीधी।** मप्र के सीधी जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में प्रयागराज महाकुंभ में जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि, चार श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा रविवार देर रात करीब दो बजे जिले के मूड़ा पहाड़ क्षेत्र में हुआ।

के अनुसार, सिंगरौली जिले के जयंत से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो जिले के मूड़ा पहाड़ में अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सीधी और रीवा जिले की सीमा पर स्थित मूड़ा पहाड़ के सुनसान इलाके में हुआ। तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के चालक ने अचानक गाड़ी पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वह करीब 14 फीट नीचे एक खाई में गिर गई। बोलेरो गाड़ी में आठ लोग सवार थे,



जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो जिला अस्पताल सीधी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चार अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## तीन घंटे तक तड़पते रहे घायल

जानकारी के अनुसार रात दो बजे हुए इस हादसे की सूचना किसी को नहीं लगी। इससे करीब तीन घंटे तक घायल मौके पर पड़े-पड़े तड़पते रहे। सुबह करीब पांच बजे स्थानीय लोगों को हादसे की जानकारी मिली। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीधी जिला अस्पताल भेजा गया। जहां, प्राथमिकी उपचार के बाद नौ घायलों को गंभीर हालत में रीवा संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस हादसे में जान गंवाने वाले और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस का कहना है कि हादसा कैसे हुआ इसकी भी जांच की जा रही है।

**हादसे में इनकी हुई मौत**

संदीप उर्फ सोनू साहू, प्रमोद यादव, रमाकांत साहू, सुजीत यादव

**यह गंभीर रूप से घायल**

नीरज वैश्य, संदीप साहू, कृष्णा वैश्य, प्रदीप साहू

# प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अंतर्गत शिविर 20 फरवरी को

**सीधी।** प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अंतर्गत मत्स्य क्षेत्र के औपचारिकी करण हेतु विकसित किये गये नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म पर मत्स्यपालकों तथा मत्स्यपालन से जुड़ी संस्थाओं के पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला सीधी द्वारा उक्त पोर्टल पर पंजीयन हेतु जिले के व्यक्तिगत मत्स्य पालकों, मत्स्य विक्रेताओं, मछुआ समूहों तथा मछुआ सहकारी समितियों के सदस्यों के पंजीयन का कार्य विभागीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के कॉमन सर्विस सेंटर के सहयोग से निरंतर किया जा रहा है।

मत्स्य पालन कार्य से जुड़े ऐसे समस्त हितधारकों जिन्होंने अब तक नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म पर पंजीयन नहीं किया है, उनके पंजीयन हेतु दिनांक 20.02.2025 को कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला सीधी में कार्यालयीन समयावधि में शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में मछुआ सहकारी समितियों/मछुआ समूहों के सदस्यों, निजी मत्स्य कृषकों एवं मत्स्याखेट करने वाले मछुआरों तथा मत्स्य विक्रेताओं का निःशुल्क पंजीयन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अंतर्गत योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु जानकारी प्रदाय की जाएगी।

जिले में मत्स्य पालन की गतिविधियों में संलग्न सभी मछुआरों से इस शिविर का लाभ उठाकर पंजीयन कराने की अपील की गई है। पंजीयन के लिये आधारकार्ड, बैंक पासबुक एवं आधार से लिंक मोबाइल नम्बर साथ में लाना अनिवार्य होगा।

# अब आधुनिक तरीके से स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है सीमेंट ईंटो का निर्माण

**सीधी।** मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड सीधी अन्तर्गत ग्राम पंचायत कारीमाटी ग्राम कराहिया में गठित दुर्गा स्व सहायता समूह के 04 सदस्यों द्वारा प्रारम्भ में परम्परागत तरीके से मिट्टी के ईट निर्माण का कार्य किया जा रहा था जिसमें आमदनी तो हो रही थी पर ज्यादा संख्या में ईट तैयार करने में अधिक समय लगता था। प्रारम्भ में समूह द्वारा एक दिन में केवल 1500 से 2000 ही ईट तैयार होती थी एवं महीने में 7 से 8 हजार रूपये तक ही आमदनी हो रही थी।

वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास एवं शासकीय भवन निर्माण में सीमेन्ट की ईटों के प्रचलन के कारण मिशन द्वारा



समूह को सीमेन्ट की ईट तैयार किये जाने हेतु समझाइश दी गई। इस संबंध में सीमावर्ती जिले सिंगरौली में डस्ट की उपलब्धता, बाजार की मांग एवं प्रतिस्पर्धा को दृष्टिगत रखते हुये समूह द्वारा सीमेन्ट की ईट तैयार करने का निर्णय लिया गया। सीमेन्ट ईट निर्माण का कार्य प्रारम्भ करने के लिये समूह द्वारा बैंक ऋण/सीसीएल के माध्यम से राशि रू. 5 लाख का ऋण प्राप्त कर आधुनिक आटोमैटिक मशीन क्रय की गयी तथा सीमेंट ईंट निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया।

ईंट निर्माण हेतु कच्चा माल एवं सामग्री स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से वर्तमान में प्रति दिवस 4-5 हजार ईंटों का निर्माण किया जा रहा है। निर्मित ईंटों को स्थानीय स्तर पर विक्रय का कार्य किया जा रहा है, जिससे माह में 30 से 40 हजार प्रतिमाह आमदनी हो रही है।

सचिव दुर्गा स्वसहायता समूह श्रीमती संतोष गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में समूह के सदस्यों द्वारा मशीन के माध्यम से ईंट निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिससे कम समय में अधिक उत्पादन हो रहा है एवं समूह सदस्यों की आय में वृद्धि हो रही है। साथ ही बाजार व्यवस्था सुगम होने के कारण उत्पाद स्थानीय स्तर पर विक्रय हो रहा है, इसके लिए आजीविका मिशन को उन्होंने धन्यवाद दिया है।

# कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई




**सीधी।** साई ज्योति पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल पनवार सीधी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

यह समारोह विद्यालय के एम डी नरेंद्र सिंह, डायरेक्टर ममता सिंह, प्राचार्य बृजेश तिवारी, सीनियर टीचर अनुपम सिंह एच एम आकांक्षा सिंह, शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद कक्षा 12वीं के छात्रों ने अपने विद्यालय जीवन के यादगार लम्हों को साझा किया और भावुक होकर अपने शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। स्कूल प्रबंधन ने सभी छात्रों को यादगार स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# पुष्पांजलि शोसल चैरिटेबल फाउन्डेशन ने गरीब वेसहारा एवं मरीजों को बाटे फल

**सीधी।** पुष्पांजलि चैरिटेबल ने लगातार पाच माह से प्रत्येक सोमवार को गरीबो, वेसहारा, मरीजो को लगातार, सेव विस्किट, केले, संन्तरे बाट रहा है उसी कडी मे आज भी केले संन्तरे भगवा दल प्रमुख कमलेश्वर सिह के मुख्य आतिथ्य व बीएमओ डाँ वर्मा की अध्यक्षता मे बाटे गये। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रामनरेश शुक्ल, विभाग संयोजक सीधी सिगरौली, राकेश तिवारी एड अजीत कुमार शुक्ल एड (रहीश) सहित संस्था के उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद शुक्ल, वालिन्टयर पवन तिवारी, भगवान शुक्ल, मनोज शुक्ल, चिकित्सक, स्टाफ नर्स सहित सैकडो की तादात मे सेवा का संकल्प लिया। मुख्य



अतिथि ने अपने उदवोधन मे संस्था द्वारा किये जा रहे सेवा कार्य की सराहना की तथा लोगों को आगे आने की अपील की। सेमरिया बीएमओ डाँ वर्मा ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने व किसी भी बीमारी के प्रति लापरवाही न करने की सलाह देते हुऐ पुष्पांजलि चैरिटेबल के वर्कर्स व संस्था के पदाधिकारियो को धन्यवाद ज्ञापित किया। विशिष्ट अतिथि रामनरेश शुक्ल ने सेमरिया अस्पताल के चिकित्सक व स्टाफ के लोगों को भी उनके सेवा कार्य तथा चैरिटेबल के पदाधिकारियो व सेवा कार्य, समर्पण के प्रति लगाव को आत्मसात करने की सलाह दी। लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे स्वादिष्ट चितीदार केले व मीठे संन्तरे वितरक किये गये। तथा संस्था उपाध्यक्ष ने लोगों को बढचढ कर हिस्सा लेने तथा सेवा कार्य में भाग लेने की अपील की। साथ ही समस्या ग्रस्त लोगों को भी प्रति सोमवार सेमरिया स्वास्थ्य केन्द्र के इस कार्यक्रम के माध्यम से पहुचने व निदान कराने की बात कही।

## बालीबाल प्रतियोगिता में सीधी की टीम बनी विजेता

**सीधी।** कुबरी-करौंदी में दो दिवसीय चल रहे बॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में रविवार को खेले गए फाइनल मैच में सीधी टीम विजेता रही और फाइनल विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी सीधी के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान, उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू, ब्लॉक अध्यक्ष लालवेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता गंगा प्रसाद शुक्ला, जनपद सदस्य यज्ञराज साहू, सरपंच गंगा प्रसाद साहू सहित हजारों खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालक सुदीप द्विवेदी ने किया।

# कांग्रेस प्रभारी की उपस्थिति में समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**सीधी।** जिला कांग्रेस समन्वय समिति सीधी की आवश्यक बैठक प्रभारी रणविजय सिंह सह प्रभारी जीवनलाल सिद्धार्थ जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह की विशेष उपस्थिति में जवाहर कांग्रेस भवन में आयोजित हुई। जिसमें समन्वय समिति के सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी अध्यक्षगण शामिल रहे। बैठक में प्रमुख रूप से समन्वय समिति के सदस्यों से आगामी संगठन के कार्यक्रमों पर चर्चा और संगठन के विस्तार पर सुझाव लिए गए साथ ही ब्लॉक अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा की गई। ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों और संगठन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। प्रभारी रणविजय सिंह ने बूथ स्तर पर बैठकों का आयोजन कर बूथ कमेटियों को सक्रिय करने के साथ ही समन्वय समिति के सुझावों के अनुरूप संगठन में बदलाव और कार्यक्रम निर्धारित करना एवं संगठन का विस्तार करना ग्रामीण स्तर पर बैठकों का आयोजन जिसमें ग्रामीणजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। सह प्रभारी जीवनलाल सिद्धार्थ ने भाजपा सरकार की वादाखिलाफी को लोगों तक पहुंचने पर जोर दिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने समन्वय समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि उसी अनुरूप आगामी कार्यक्रम और रणनीति पर संगठन काम करेगा। ब्लॉक अध्यक्षों को बूथ कमेटियों के माध्यम से हर घर तक पहुंचने की दिशा में काम करने को कहा एवं हर माह मंडलम सेक्टर के कार्यों की समीक्षा करने को निर्देशित किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह पूर्व अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह बाबा जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष दिनेश पाठक, महामंत्री सीधी विधानसभा प्रभारी नवीन सिंह, महामंत्री ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, महामंत्री अखण्ड प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सिंह, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह दादू, एनएसयूआई अध्यक्ष सौरभ सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सेमरिया अरविंद तिवारी संकटमोचन सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई सीधी का त्रैवार्षिक निर्वाचन सम्पन्न

## सतीश पाण्डेय ने थामी शिक्षक संघ की बागडोर, रामजी बनें सचिव

**सीधी।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ भोपाल के तत्वावधान में संगठन के बायलाज अनुसार शिक्षक संघ सीधी की जिला इकाई का गठन विगत 16 फरवरी को अशासकीय महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल सीधी में सम्पन्न हुआ। प्रांतीय कार्यालय द्वारा निर्वाचन के नियमन हेतु सिंगरौली से निर्वाचन अधिकारी वंशबहादुर सिंह मरकाम को तथा निर्वाचन की संपूर्ण कार्यवाही के प्रेक्षण हेतु पर्यवेक्षक के रूप में रीवा जिला इकाई के पूर्व अध्यक्ष विजय पाण्डेय जी को नियुक्त किया गया था।

निर्वाचन अधिकारी द्वारा दस बजे पूर्वाह्न से निर्वाचन की कार्रवाई प्रारंभ की तथा पांच बजे अपराह्न नवगठित कार्यकारिणी की निर्वाचित होने की घोषणा की। निर्वाचन की घोषणा उपरांत एक संक्षिप्त सभा का आयोजन किया गया और जिले के जिला संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह चौहान, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौतम मणि अग्निहोत्री, संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष कुवर विजय सिंह, निर्वाचन अधिकारी वंशबहादुर सिंह मरकाम और निर्वाचन में नियुक्त पर्यवेक्षक रीवा जिला के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय पाण्डेय का पत्र पुष्प, श्रीफल एवं शाल से कृतज्ञ भाव से अभिनंदन किया गया। उसी क्रम में नवगठित कार्यकारिणी ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजबहोर पाठक मनोज का पुष्प माला शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर राजबहोर पाठक ने संगठन के सभी वरिष्ठ साथियों के अभिनंदन उपरांत नवगठित जिला कार्यकारिणी को भविष्यत सुप्रभातम् की शुभकामना देते हुए कहा कि शिक्षक मूलतः सामाजिक सेवक है। बदले हुए परिवेश में भले ही उसे लोकसेवक के जिस पद नाम से संबोधित किया जाय परन्तु शिक्षा कर्म होने के कारण हम सब शिक्षक हैं, समाज के सेवक हैं, चाहे प्राथमिक की कक्षा का संचालन करते हों या फिर विश्वविद्यालय की कक्षाओं का।

हमें यह बात हमेशा अपने भीतर जीवंत रखना होगा कि हम भविष्यत भारत के निर्माता हैं। अतः हम अन्यान्य कर्मचारी संगठनों से रीति नीति, आचार व्यवहार में भिन्न हैं, हम विशेष हैं। हमें अपने इसी वैशिष्ट्य का रक्षण करना है अन्यथा की स्थिति में हम भारत को नवीन वैश्विक चुनौतियों के लिए सही ढ़ंग से तैयार नहीं कर पाएंगे और देश यथोचित अग्रगामी होने से रह जाएगा।

# प्रशासन बेखबर, डीजे पर नहीं लग रहा प्रतिबंध

## सप्ताह भर के अंदर होगी बोर्ड की परीक्षा फिर भी शोरगुल पर नियंत्रण नहीं

**सीधी।** जिले में कई मैरिज गार्डन संचालित हैं। जहां कि इन विवाह घरों में देर रात तक डीजे चलते हैं। जिसकी वजह से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही आम लोग भी कोलाहल से परेशान हो रहे हैं। लेकिन इस मसले पर जिला प्रशासन, नगर निगम अमला व पुलिस ने चुप्पी साध रखी है। जबकि इसी माह से बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही हैं। 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के सिर पर मंडराने के बीच यह शादियों का भी सीजन है। शायद हो ऐसा कोई क्षेत्र हो यहां बारात घर के अलावा सडक् वा खाली प्लाट पर विवाह समारोह देखने को न मिले। जहां विद्यार्थी अपने भविष्य की चिंता में पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे है वहीं कॉलेनियों और वैध-अवैध बारात घरों में देर रात तक कोने,



आर्केष्ट्रा पार्टियों ने सूर्य को पूरी तरह चौपट कर दिया है। कोलाहल एक्ट के तहत भले ही न्यायालय में जीने को प्रतिबंधित करते हुए रात 10 बजे तक ही दूसरे ध्वनि विस्तारक यंत्रों को सीमा के तहत चलाने की छूट दे दी ही। विडम्बना है कि शहर कुचे में इसके धनियां उड़ते देखी जा सकती है। लगभग हर रहयाश्री क्षेत्रों में बारात घर तने हुए हैं। यहां विवाह समारोह में आयोजक की पसंद पर देर रात तक शोर-गुल करने की सुविधा भी बारात संचालक देते हैं। इस दौरान सीधी शहर के जमोड़ी से लेकर जोगीपुर तक आधा सैकड़ा विवाह घर एवं वैवाहिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। जहां कि शोरगुल के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

### प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही कोई कार्यवाही

कोलाहल एक्ट के तहत न्यायालय के आदेश पर अमल करने में प्रशासन बौना साबित हो रहा है। टेंट और साउण्ड सिस्टम संचालकों की बैठक लेकर उनको नियमों का पालन करने की हिदायत तो प्रशासन देता है, लेकिन उस पर कितना अमल हो रहा है इसके लिए वह जरा भी सक्रिय नहीं है। लोगों का मानना है कि यदि एक बार प्रशासन सख्त कार्रवाई करे तो इस अव्यवस्था को काफी हद तक रोका जा सकता है।

### इनको होती है सबसे ज्यादा परेशानी

बड़े-बड़े डीजे बॉक्स लगाकर रात भर शोर-गुल होने के कारण इन विवाह समारोहों के पास रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया है। एक ओर जहां विद्यार्थियों की पढ़ाई पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है वहीं जिस घर में मरीज है उसकी भी परेशानियां कम नहीं है। कई बार लोग जागरुकता दिखाते हुए पुलिस को फोन करते हैंए लेकिन लोगों की इस परेशानी से पुलिस को कोई खास सरोकार नहीं है।

## संपादकीय

### निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल

भारत निर्वाचन आयोग लगातार विवादों में है। पिछले कुछ वर्षों में उसकी निष्पक्षता पर अनेक बार सवाल उठे हैं। जिस प्रकार के आरोप उस पर लगते रहे हैं, वह देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए ठीक नहीं है। आयोग ईवीएम से जुड़ी शिकायतें आज तक दूर नहीं कर सका है। गौरतलब है कि वर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त अगली अठारह फरवरी को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। अब नई नियुक्ति केंद्र की ओर से वर्ष 2023 में लाए गए नए कानून के तहत हो सकती है। इस पर भी सवाल उठे हैं इस मुद्दे पर शीर्ष न्यायालय का कड़ा रुख दिख रहा है। उसने इस संबंध में दायर याचिकाओं पर सुनवाई की तारीख तय करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि इस बीच कुछ भी घटित होता है, तो उसके परिणाम अवश्य भुगतने होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाया था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश और नेता प्रतिपक्ष की स्वतंत्र समिति करे, पर सरकार ने समिति से प्रधान न्यायाधीश को हटा दिया और उनकी जगह किसी मंत्री को सदस्य बना दिया। यह चुनावी लोकतंत्र के विरुद्ध माना गया। अब चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति केंद्र की इच्छा पर निर्भर हो गई है। विरोध इसी बात का है।चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से नागरिकों का जिस तरह भरोसा कमजोर हुआ है, वह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। दागी नेता आज भी चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन आयोग उन्हें रोक नहीं पा रहा। वहीं आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई में उसकी निष्पक्षता संदिग्ध दिखती है। मतदाता सूची में गड़बडी के भी गंभीर आरोप हैं। वह चाहे जितनी दलीलें दे, लेकिन हकीकत है कि कई राजनीतिक दल और मतदाता ईवीएम से संतुष्ट नहीं हैं।आयोग ईवीएम में संग्रहीत आंकड़े बताने तक से इनकार करता रहा है। अब सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से कहा है कि ईवीएम में संग्रहीत आंकड़ों को न हटाया जाए। दरअसल, हरियाणा कांग्रेस के नेताओं ने याचिका दायर की है कि जली हुई ईवीएम की 'मेमोरी' और 'माइक्रोकंट्रोलर' को इंजीनियर से सत्यापित किया जाए कि ईवीएम से छेड़छाड नहीं हुई है। मगर यहां सवाल सत्यापन से अधिक संदेह का है। आरोपों से घिरे आयोग को जवाब देना ही होगा।

**जसवंत सिंह और उनके बेटे की हत्या के जिस मामले में सज्जन कुमार को दोषी करार दिया गया है, उसे इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए पीड़िता को कैसे-कैसे पापड़ बेलने पड़े! इस दौरान पुलिस ने एक बार तो 'क्लोजर रिपोर्ट' ही लगा दी थी। उस दांव के असफल हो जाने के बावजूद लंबे समय तक वह गिरफ्तार नहीं किए गए, लेकिन कानून के हाथ लंबे होते हैं। इस वक्त भी वह पांच अन्य लोगों की हत्या के मामले में सजा काट रहे हैं। हालांकि, सिख हिंसा के सभी दोषियों को तत्काल सजा मिलनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक बहुत से लोग न्याय की पहुंच से परे हैं।**

# सज्जन कुमार की सजा का संदेश

(शशि शेखर)

इंसानी फितरत बहुत जल्द इतिहास के कड़वे सबक भूल जाने की है। आज सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने वाले इस तथ्य को विस्मृत कर जाते हैं कि अतीत में ऐसी करतूतें बेहद विनाशकारी साबित हो चुकी हैं। सज्जन कुमार को पिछले बुधवार को मिली एक और सजा ने न केवल उन दिनों की याद ताजा कर दी, बल्कि घृणा से बजबजाती हमारी दुनिया के बारे में नए सिरे से सोचने को भी प्रेरित किया है।

जसवंत सिंह और उनके बेटे की हत्या के जिस मामले में सज्जन कुमार को दोषी करार दिया गया है, उसे इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए पीड़िता को कैसे-कैसे पापड़ बेलने पड़े! इस दौरान पुलिस ने एक बार तो 'क्लोजर रिपोर्ट' ही लगा दी थी। उस दांव के असफल हो जाने के बावजूद लंबे समय तक वह गिरफ्तार नहीं किए गए, लेकिन कानून के हाथ लंबे होते हैं। इस वक्त भी वह पांच अन्य लोगों की हत्या के मामले में सजा काट रहे हैं। हालांकि, सिख हिंसा के सभी दोषियों को तत्काल सजा मिलनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक बहुत से लोग न्याय की पहुंच से परे हैं।

यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हमलावर समूह और उसके संगठनकर्ता भारतीय संविधान की उस भावना के भी हत्यारे थे, जो इंसानी हक-हुकूक और भाईचारे को प्राथमिकता देती है। इस मामले में हुई देरी अक्षम्य है।

सरदार जसवंत सिंह और उनके बेटे को पहली नवंबर 1984 को नई दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में जिंदा जलाकर मार दिया गया था। आतताइयों की भीड़ ने छोटे बच्चों व महिलाओं से कहा था कि वे चाहें, तो भागकर जान बचा सकते हैं, लेकिन जसवंत की 14 साल की नाबालिग बेटी भगाने पर भी नहीं भागी। नतीजतन, उसे अपने पिता और भाई को जिंदा जलते देखने का अभिशाप भोगना पड़ा। अभी तक उन क्रूर लम्हों के गहरे जख्म उसके दिल और दिमाग में हलचल पैदा करते हैं। अदालत में गवाही देते वक्त उसकी लरजती आवाज और भीगी पलकें इसकी गवाह थीं। न्यायिक प्रक्रिया के इन बोझिल पलों में जैसे वह अतीत के उन काले दिनों में लौट गई थी, जहां चीखें, कोलाहल, भीड़, गुस्सा, गम, बेबसी और लाचारी थी। हाई स्कूल में पढ़ रही किशोरी को उस वक्त यह भी नहीं पता था कि ये हत्यारे कौन हैं, कहां से आए हैं और इनका नेता कौन है?

वह सिर्फ इतना जानती थी कि देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की उनके ही सरकारी आवास में कल हत्या कर दी गई और हत्यारे दुर्भाग्य से उसी संप्रदाय के थे, जिसमें उसका जन्म हुआ। उसका न तो हत्या से कोई वास्ता था, न हत्यारों से। वह उस सियासत से भी अनजान थी, जिसने देश में ऐसे हालात पैदा कर दिए थे।

सज्जन कुमार तो शायद कभी इस मामले में फंसते ही नहीं, पर एक दिन उस किशोरी के सामने एक पत्रिका पड़ गई। इस पत्रिका के मुखपृष्ठ पर सज्जन कुमार की तस्वीर छपी थी। उसे पहचानते देर नहीं लगी, पर उसकी फरियाद को अंजाम तक पहुंचने में 41 साल लग गए। आज वह 54 साल की हो चुकी है। भारतीय राष्ट्र-राज्य ने उसके साथ न्याय तो किया है, मगर 'जस्टिस डिलेड, जस्टिस डिनाइड' की कहावत उस पर सौ फीसदी लागू होती है। बताने की जरूरत नहीं कि इस



हिंसा में पूरे देश में 2,700 से अधिक लोग मारे गए और करोड़ों की संपत्ति स्वाहा हो गई थी। ऐसा लगा था कि अब भारत की सिख भुजा हमेशा के लिए टूट गई है। इस देश के सिखों को सलाम कि वे एक बार फिर सारे भेद भुलाकर उठ खड़े हुए और आज देर से ही सही, वे हत्यारों को कम से कम कानून का आईना तो दिखा रहे हैं।

मैं खुद उस देशव्यापी हिंसा का प्रत्यक्षदर्शी हूं। उन दिनों मैं इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में रहता था। सुबह कहीं बाहर से लौटा था कि मेरे कार्यालय से फोन आया कि इंदिरा गांधी पर गोलियां चला दी गई हैं और पता नहीं, वह जिंदा भी हैं या नहीं! मैं दौड़कर अखबार के दफ्तर पहुंचा। हम शाम का बुलेटिन निकालने की तैयारी कर रहे थे कि दोपहर बीतते-बीतते हिंसा भड़क उठी। सिखों की दुकानें लूटी जाने लगीं, गुरुद्वारों पर हमले हुए और उनके घरों में भीड़ घुस गई। शाम तक तीन लोग मारे जा चुके थे और दर्जनों घायल थे। अफसोस तो इस बात का है कि उस समय इलाहाबाद के जिलाधिकारी खुद सिख थे, लेकिन कानून और व्यवस्था उस मतवाली भीड़ के सामने बेबस साबित हो रही थी। दुर्भाग्य से शहर-दर-शहर ऐसा हो रहा था। उस दिन एक ऐसे मंजर से दो-चार होना पड़ा, जो अप्रत्याशित और अकल्पनीय था। लाउदर रोड पर लुटेरों और दंगाइयों की भीड़ के बीच मेरी नजर एक नन्ही लड़की पर पड़ी। उसने अपने फ्रॉक में कुछ कॉपियां, पेंसिल और पेन के साथ एक स्याही की दवात जतन से समेट रखी थी।

बलवाइयों की उन्मत्त जमात के बीच वह बेखौफ अपने घर की ओर बढ़ रही थी। तय था, इतना सामान वह खुद नहीं रख सकती थी और किसी ने उसकी मदद की है। कौन था वह, जिसने एक मासूम को उस नफरती भीड़ का हिस्सा बना दिया था? वह बच्ची अब पचास बरस के आस-पास होगी। क्या उसके ख्यालों में वह काली दोपहर कभी उभरती है? उभरती भी है, तो कैसे?

1990 के दशक में एक बार फिर हमें सांप्रदायिक हिंसा के नए तेवर और कलेवर देखने को मिले थे। इंदिरा गांधी की हत्या हरमंदिर साहिब परिसर में सेना के प्रवेश से उपजे आक्रोश का नतीजा थी। इस बार बाबरी मस्जिद बहाना बनी। देश के तमाम शहरों में इस दौरान दंगे भड़के। इनमें दो हजार से अधिक भारतीयों को जान गंवानी पड़ी और अरबों की संपत्ति का बंटाधार हो गया। 1984 की भांति पुन: ऐसा लगा कि देश के दो प्रमुख समुदाय अब कभी पहले जैसे नहीं रह पाएंगे, लेकिन भारत और भारतीयता इस बार भी जीती। हम फिर से मिल-जुलकर रहने लगे।

तब से अब तक हालात काफी बदले हैं। उन दिनों सोशल मीडिया नहीं हुआ करता था, इसलिए नफरत पर काबू पाने में बहुत मुश्किल नहीं होती थी। धरती के बिखरे हुए बाशिंदों को जोड़ने के नाम पर उपजे सोशल मीडिया ने अब रोज-ब-रोज इंसानों को बांटना शुरू कर दिया है। यह खतरनाक प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है। पिछले दिनों कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय का एक चौंकाने वाला शोध प्रकाशित हुआ है। इसके अनुसार, एलन मस्क ने जब से ट्विटर का अधिग्रहण किया है, तब से उसका न केवल नाम बदला, बल्कि उसकी प्रवृत्ति भी परिवर्तित हो गई है। एक्स पर नफरती पोस्ट और रिपोस्ट लगभग पचास फीसदी तक बढ़ गई हैं। बताने की जरूरत नहीं कि मस्क इस समय दुनिया के सबसे ताकतवर शख्स अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख सहयोगी और सलाहकार हैं।

जब शीर्ष पर बैठे लोग जाने-अनजाने घृणा फैलाने के घृणास्पद काम में जुट जाएंगे, तो दुनिया के शांतिकामियों का काम निश्चित तौर पर कुछ और कठिन हो जाएगा। दुर्भाग्य से इस समय ऐसा ही हो रहा है।

# आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे

**वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है।**

(ललित गर्ग )

नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा। मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में



आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषत: वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है। आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

## वर्ग पहेली 5646

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | |
| | ■ | 6 | | | | | ■ |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | | ■ | 14 | | | | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ |
| 21 | | | | ■ | | ■ | 22 |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 29 सितंबर 1650 को इस देश में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरूआत हुई (3)
3. एक निषाद जिसने गुरू द्रोणाचार्य की मूर्ति को गुरू मानकर शास्त्राभ्यास किया और पारंगत हुआ (4)
6. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
7. मार्ग, रास्ता, कटखरा (2)
10. नारी का अपभ्रंश, नर का आध्यात्मिक (2)
11. प्रतिष्ठा, इज्जत, आबरू (2)
13. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
14. किसी का हक या अधिकार मारा जाना, स्वत्व हानि (उर्दू)(5)
15. जल की बूंद, पसीने की बूंद, राजस्थान का एक शहर (3)
16. गुलाम, नौकर, सेवक (2)
17. समाधि, कब्र (उर्दू)(3)
19. देखने वाला, दर्शक, एक कर्मचारी (उर्दू) (3)
21. पुराणानुसार सात पातालों में से एक पाताल का नाम (4)
22. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज (उर्दू) (1)

**ऊपर से नीचे**

1. यह सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की जन्म स्थली है (3)
2. भयभीत होना, खौफजदा होना (3)
3. भरोसा करना, विश्वास करना (7)
4. छल, धोखा, बनावटी व्यवहार (3)
5. बालों का वह गुच्छा जो गाल पर लटके केशलता (2)
8. मानता, मनौति, संकल्प (3)
10. व्यर्थ, बेफिजूल, बेमतलब (3)
11. जिसके पास अपार संपत्ति हो, रईस (4)
12. उत्तम, सर्वश्रेष्ठ, बढ़िया (उर्दू)(3)
13. शासन, अवधि, राज्यकाल (4)
15. आदत, स्वभाव, अखलाक, सवानेह उम्री (उर्दू) (3)
18. मकड़ी द्वारा बुना हुआ जाल (2)
20. चर्चा, प्रसंग, संक्षिप्त कथन (2)

### वर्ग पहेली 5645 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ | ग | त | सिं | ह | | र | द |
| से | ज | | ह | म | स | फ | री |
| से | | र | | शौ | क | | वा |
| मं | | ह | ला | ह | ल | | |
| द | र | मा | | र | | दा | सी |
| | म | न | का | | पा | व | न |
| प्रा | णी | | हि | दा | य | त | |
| क | क | ह | रा | | ल | | पौ |

# कैसंर से बचने के लिए उठाएं ये कदम, जरुर कराएं ब्लड टेस्ट

(रितिका कमठान)

शोधकर्ताओं ने सीईडीएआर और ओएचएसयू में पैन्क्रियाटिक केयर के लिए ब्रेंडन-कोलसन सेंटर के 350 रोगियों के रक्त के नमूनों का उपयोग करके गैर-आक्रामक परीक्षण विकसित किया था। प्रतिभागी या तो नियंत्रण थे, कैंसर के लिए उच्च जोखिम वाले थे या अग्नाशय के कैंसर से पीड़ित थे। आज के समय में कैंसर कई तरह के हो रहे हैं जो लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहे है। इनमें सबसे घातक कैंसरों में से एक, अग्नाशय कैंसर भी है। कुछ कैंसर ऐसे भी हैं जिनका पता सिर्फ मामूली ब्लड टेस्ट के जरिए भी हो सकता है। अग्नाशय कैंसर का पता रक्त की एक बूंद से लगाया जा सकता है।

ये कदम सही साबित हो सकता है। ओरेगन हेल्थ एंड साइंस यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पीएसी-एएनएन नामक एक रक्त परीक्षण विकसित किया है। यह 'चुंबकीय नैनोसेंसर का उपयोग करके प्रोटीएज़ गतिविधि-आधारित परख' का संक्षिप्त रूप है। यह अध्ययन बुधवार को साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित हुआ। शोधकर्ताओं ने सीईडीएआर और ओएचएसयू में पैन्क्रियाटिक केयर के लिए ब्रेंडन-कोलसन सेंटर के 350 रोगियों के रक्त के नमूनों का उपयोग करके गैर-आक्रामक परीक्षण विकसित किया था। प्रतिभागी या तो नियंत्रण थे, कैंसर के लिए उच्च जोखिम वाले थे या अग्नाशय के कैंसर से पीड़ित थे। शोधकर्ताओं ने विशिष्ट प्रोटीन, मुख्य रूप से प्रोटीएज़ के लिए रक्त की जांच की, जो पीडीएसी रोगियों में अधिक सक्रिय होते हैं। अग्नाशयी नलिका संबंधी एडेनोकार्सिनोमा अग्नाशयी कैंसर का सबसे प्रचलित और घातक प्रकार है, जिसकी पहचान प्रोटीज द्वारा की जाती है। यह प्रोटीन संयोजी ऊतकों को कमजोर करके ट्यूमर को बढ़ने देता है। उन्होंने एक ऐसा परीक्षण बनाया जो इन प्रोटीनों का पता लगाकर अग्नाशयी कैंसर का सटीक निदान कर सकता है। पीएसी-एमएएनएन परीक्षण अग्नाशयी कैंसर के रोगियों को स्वस्थ व्यक्तियों और गैर-कैंसर वाले अग्नाशयी समस्याओं वाले लोगों से सटीक रूप से अलग करने में 98 प्रतिशत सफल रहा। अध्ययन के अनुसार, यह एक त्वरित और सुविधाजनक जांच विकल्प है, क्योंकि मानक परीक्षणों के विपरीत, इसमें केवल एक छोटे रक्त नमूने की आवश्यकता होती है और यह एक सरल फ्लोरोसेंट परिणाम प्रदान करता है। अध्ययन के मुख्य लेखक डॉ. जोस एल मोंटोया मीरा ने कहा, 'हमारे परीक्षण का उपयोग अग्नाशय के कैंसर के उच्च जोखिम वाले लोगों के लिए किया जा सकता है, जो वर्तमान परीक्षणों द्वारा लक्षित नहीं है। यह एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड और अन्य तरल बायोप्सी परीक्षणों के विपरीत अधिक मजबूत और कम आक्रामक स्क्रीनिंग की अनुमति देता है।

## आज का राशिफल

*पं. डॉ दीपेश पाठक ज्योतिर्विद ,भगवताचार्य एवं शिक्षाविद मोटिवेटर 9406533539

**मेष**

आज करियर के मामले में दिन अच?छा साबित होगा। तरक्की के योग बन रहे हैं। धन लाभ के भी अच्छे संकेत हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अचानक धन लाभ हो सकता है। शाम से रात तक का समय आपके लिए विशेष रूप से शुभ रहेगा। हालांकि, खर्चों में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

**वृष**

आज दिन तरक्की और सफलता से भरा रहेगा। किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको भाग?य का पूरा साथ मिलेगा। आप अपने काम की प्रशंसा सुनकर खुश होंगे। रात के समय किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन**

आज व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा और सम्मान में वृद्धि होगी। आपके घर या ऑफिस में विवाद हो सकते हैं, इसलिए सावधान रहें। शत्रु पक्ष आपको परेशान कर सकता है, जिससे आपका मन काम में नहीं लगेगा।

**कर्क**

आज करियर में सफलता मिलेगी और आप हर क्षेत्र में अपना नाम कमाएंगे। सभी काम बनेंगे। पुराने झगड़े और विवाद खत्म होंगे। व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा। किसी महत्वपूर्ण पद की प्राप्ति भी हो सकती है।

**सिंह**

आज दिन तरक्की से भरा रहेगा। करियर में मनचाही सफलता मिलेगी। सहकर्मियों पर खोया हुआ विश्वास वापस मिलेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। किसी बाहरी व्यक्ति के हस्तक्षेप से सावधान रहें। अपनी प्रगति का रहस्य किसी को न बताएं।

**कन्या**

आज दिन असमंजस से भरा होगा और आपको समझ नहीं आएगा कि क?या करना सही होगा और क?या गलत। यह समझ नहीं आएगा। इस वजह से काम लटके रहेंगे और उलझन महसूस होगी। रचनात्मक कार्यों में गति आएगी।

**तुला**

आज जोखिम भरे काम से बचने की सलाह है। कार्यक्षेत्र में हर तरह के रिस्क से दूर रहें। सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। आपकी योजनाएं सफल होंगी। शाम के समय तरक्की के योग बनेंगे। आपका दिन सफलता से भरा होगा। आपके धन सम?मान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**

आज दिन उथल-पुथल भरा रहेगा। कई तरह के विवाद और झंझट सामने आ सकते हैं। शाम तक समय निकालकर इन विवादों को सुलझा लें, तो काम बन जाएंगे। अपनी कार्यकुशलता से मुसीबतें कम कर पाएंगे। रात का समय किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में बीतेगा।

**धनु**

आज करियर में लाभ होगा। सभी काम समय पर पूरे होंगे। युक्तिसंगत प्रयासों से लाभ होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रात में माता को अचानक कोई परेशानी हो सकती है, जिससे आपको दौड़-भाग करनी पड़ सकती है।

**मकर**

आज दिन अच्छा रहेगा। सुबह से ही मूड अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में दिनभर भागदौड़ कर सकते हैं। परिस्थितियां सुधरेंगी और सभी काम पूरे होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। कोई मेहमान घर आ सकता है।

**कुंभ**

आज दिन व्यस्त रहेगा। एक साथ कई काम आपके हाथ में आने से आपकी बेचैनी बढ़ सकती है। विरोधी आपको फालतू काम में उलझ सकते हैं, इसलिए सावधान रहें। वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दें। दिन परेशानियों और कठिनाइयों से भरा हो सकता है। खर्चे बढ़ सकते हैं।

**मीन**

आज करियर के लिहाज से दिन अनुकूल है। हर काम को संभलकर करें। व्यवसाय के विस्तार के लिए अच्छा समय है। बाहर से मदद मिल सकती है। आर्थिक तंगी भी परेशानी नहीं बनेगी। संतान के विवाह को लेकर घर में चर्चा हो सकती है। हर काम सोच-समझकर करें।

## संक्षिप्त समाचार

### पुष्कर में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तेंदुए की मौत



**पुष्कर, एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर जिले के पुष्कर अजमेर मार्ग पर शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन वर्षीय नर तेंदुए की मौत हो गई। अजमेर रेंज के उपवन संरक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि पुष्कर के क्षेत्रीय वन विभाग कार्यालय में प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी की व पोस्टमार्टम के बाद नियमों के अनुसार तेंदुए का अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि पुष्कर अजमेर मार्ग पर स्थित होटल अनंता के सामने हुई इस घटना में अज्ञात वाहन ने तेंदुए को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला वाहन की टक्कर से मौत का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम के दौरान लेपर्ड की तीन पसलियां टूटी हुई पाई गईं। उन्होंने बताया कि विस्तृत जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

### दक्षिणी दिल्ली में ट्रक की टक्कर लगने से बाइक टैक्सी चालक की मौत, पीछे बैठा व्यक्ति घायल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे 42 वर्षीय बाइक टैक्सी चालक की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के संबंध में महरौली थाने को सूचना प्राप्त हुई और मौके पर पहुंचने पर अधिकारियों ने एक ट्रक के नीचे फंसी मोटरसाइकिल तथा सड़क पर एक व्यक्ति को पड़ा हुआ पाया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान दिल्ली के छतरपुर निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, वह (सुनील) एक अन्य व्यक्ति के साथ जा रहा था कि तभी महरौली-बदरपुर रोड के निकट उनकी मोटरसाइकिल को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### ठाणे में नाबालिग से बलात्कार के आरोप में मृत व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक नाबलिग से बलात्कार के आरोप में मृत व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार को भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 64(1) (बलात्कार) के तहत मामला दर्ज किया। हालांकि, प्राथमिकी में कथित आरोपी की मौत के समय और परिस्थितियों का उल्लेख नहीं है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने मुंब्रा में अपने पड़ोस की 17 वर्षीय लड़की से दोस्ती की और जून से अगस्त 2024 के बीच कई मौकों पर उससे कथित तौर पर बलात्कार किया। बाद में आरोपी ने परिवारों के विरोध के बावजूद लड़की से शादी कर ली। उन्होंने कहा कि लड़की गर्भवती हो गई और 14 फरवरी को उसने एक बच्चे को जन्म दिया।

### नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद सुरक्षा कड़ी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ में 18 लोगों की मौत होने के बाद स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के साथ मिलकर स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है। रविवार को भी स्टेशन पर काफी भीड़ रही और हजारों यात्रियों को भारी भीड़ के बीच ट्रेनों में चढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

# मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू के जनप्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व विचार-विमर्श किया



**श्रीनगर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आज सिविल सचिवालय में जम्मू जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की. इसमें मंत्री सतीश शर्मा, जिला विकास परिषद के अध्यक्ष, जम्मू जिले के विधानसभा सदस्य, मुख्य सचिव अटल डुल्लू, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव धीरज गुप्ता और प्रमुख सचिव वित्त संतोष डी वैद्य भी शामिल हुए.वहीं, कुछ विधायकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मीटिंग में भाग लिया. बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बजट बनाने की प्रक्रिया में निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ जुड़ने के महत्व पर जोर दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों की आकांक्षाओं और जरूरतों को पर्याप्त रूप से दर्शाया जाए.

### जनप्रतिनिधि जमीनी हकीकत से वाकिफ

मुख्यमंत्री ने कहा, हम अपने कार्यालयों में बजट का मसौदा तैयार कर सकते थे, लेकिन हम निर्वाचित प्रतिनिधियों से परामर्श कर रहे हैं ताकि लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखा जा सके. उन्होंने स्वीकार किया कि जनप्रतिनिधि जमीनी हकीकत से वाकिफ हैं और उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान लोगों के साथ निकटता से बातचीत की है. चुनाव प्रचार के दौरान आपने अपने निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा किया और लोगों से मिले. आप उनकी समस्याओं और मांगों को समझते हैं क्योंकि आप उनसे सीधे जुड़े हुए हैं. इसीलिए मैंने आपके साथ ये विचार-विमर्श करने का निर्णय लिया. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये चर्चाएं बजट को आकार देने और लोगों की प्रमुख चिंताओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. परामर्श के दौरान, डीडीसी जम्मू के अध्यक्ष और विधायकों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली विभिन्न माँगों और चिंताओं को सामने रखा. उन्होंने सिंचाई प्रणालियों में सुधार और कई क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया.

### सीवरेज प्रबंधन के बारे में चिंता व्यक्त की

कई प्रतिनिधियों ने सड़कों की खराब स्थिति, पुलों के निर्माण की आवश्यकता और बेहतर कनेक्टिविटी की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे के अपडेशन के बारे में चिंता व्यक्त की. चर्चाओं में स्वास्थ्य सेवा में सुधार, नए शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण के अलावा अन्य बातों पर भी चर्चा हुई. इसके अलावा, प्रतिनिधियों ने जल निकासी और सीवरेज प्रबंधन के बारे में चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, जलभराव और स्वच्छता के मुद्दों को रोकने के लिए आधुनिक जल निकासी नेटवर्क की मांग की. नशीली दवाओं के दुरुपयोग में खतरनाक वृद्धि एक अन्य प्रमुख मुद्दा था, जिसमें नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने, जागरूकता अभियान चलाने और सख्त प्रवर्तन उपायों के लिए अनुरोध किया गया. कई सदस्यों ने खेलों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए स्टेडियम, खेल के मैदान और प्रशिक्षण केंद्रों के निर्माण सहित खेल बुनियादी ढांचे के विकास का भी आह्वान किया. पर्यटन विकास एक अन्य प्रमुख फोकस था, जिसमें स्थानीय आकर्षणों को बढ़ावा देने, पर्यटक सुविधाओं में सुधार करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नए पर्यटन सर्किट बनाने के सुझाव दिए गए. जन प्रतिनिधियों ने बजट पूर्व परामर्श शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को धन्यवाद दिया और कहा कि यह पहली बार है कि वे बजट निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं. इससे पहले जम्मू के डिप्टी कमिश्नर ने विधायकों से मिले सुझावों के आधार पर विस्तृत क्षेत्रवार प्रस्ताव पेश किया. प्रस्तावों में ग्रामीण और शहरी विकास, लोक निर्माण, सिंचाई, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सामाजिक कल्याण सहित विभिन्न विकास क्षेत्रों को शामिल किया गया. बाढ़ सुरक्षा उपायों, भूजल संरक्षण और जल की कमी को दूर करने के लिए जल शक्ति विभाग को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया.



## सिद्धरमैया हमारे नेता हैं, उनके नाम का गलत इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं: शिवकुमार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के निर्विवाद नेता हैं और किसी को भी उनके नाम का दुरुपयोग करके बयान देने की कोई जरूरत नहीं है। पार्टी के एक वर्ग का कहना है कि सिद्धरमैया को मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करना चाहिए, जिसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवकुमार ने यह बयान दिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस साल के अंत में कर्नाटक में संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच अगले चुनाव में सत्ता बरकरार रखने के लिए सिद्धरमैया का नेतृत्व पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शिवकुमार मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को कई मौकों पर छिपा नहीं पाए हैं। शिवकुमार ने कहा, सिद्धरमैया हमारे मुख्यमंत्री हैं, वह हमारे नेता हैं, हम उन्हें सभी चुनावों में चाहते हैं। हम उन्हें जिला पंचायत, तालुक पंचायत, विधानसभा और संसद चुनावों में चाहते हैं। वह हमारे नेता हैं। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, कांग्रेस पार्टी ने सिद्धरमैया को दो बार मुख्यमंत्री बनाया है। किसी को भी आए दिन उनके नाम का दुरुपयोग करने की कोई जरूरत नहीं है। वह हमारे नेता हैं, कांग्रेस पार्टी के निर्विवाद नेता हैं। वह दूसरी बार मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं और अच्छा काम कर रहे हैं। मैं नहीं चाहता कि वह मीडिया (अटकलबाजी) का विषय बनें। पार्टी नेताओं के बयानों के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा, कोई भ्रम नहीं है, कांग्रेस पार्टी हर दिन हर चीज पर नजर रख रही है। सिद्धरमैया मई 2023 से मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले वह 2013 से 2018 तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं।



## पुलिसकर्मी ने बचाई चलती ट्रेन से गिरे यात्री की जान

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के अंधेरी रेलवे स्टेशन पर उस समय एक बड़ा हादसा टल गया, जब प्लेटफॉर्म नंबर-8 पर चलती ट्रेन पर चढ़ने के प्रयास में प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गिरे एक यात्री को बचा लिया गया. बताया जा रहा है कि यात्री चलती ट्रेन (लोक शक्ति एक्सप्रेस) पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था.

इसी दौरान उसके पैर का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच आ गया. हालांकि, मौके पर मौजूद सहायक उप निरीक्षक ने तुरंत ही यात्री को पकड़ लिया और उसे प्लेटफॉर्म पर खींच लिया. यह पूरी घटना प्लेटफॉर्म पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई. इसके बाद जब सहायक उप निरीक्षक ने शख्स का नाम पूछा तो उसने राजेंद्र मांगीलाल बताया. 40 वर्षीय राजेंद्र मांगीलाल ने बताया कि वह अंधेरी में रहता है और उसका लोक शक्ति एक्सप्रेस का टिकट था. वह चलती हुई ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था, इसी के चलते वह अचानक नीचे गिर गया. राजेंद्र मांगीलाल ने कहा कि उसे अहमदाबाद जाना था और जब वह प्लेटफॉर्म पर पहुंचा तो ट्रेन जा रही थी. चलती गाड़ी में चढ़ने के कारण संतुलन बिगड़ गया था. उसने मौके पर मौजूद आरपीएफ कर्मी का आभार जताया. फिलहाल इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

## दिल्ली में यमुना की सफाई शुरू, कचरा हटाने के लिए नदी में उतारी गई बड़ी मशीनें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए वादे के बाद आज से यमुना नदी की सफाई शुरू हो गई है। रविवार को ट्रैश स्कीमर, वीड हार्वेस्टर और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट जैसी मशीनों से यमुना नदी की सफाई शुरू की गई। बता दें, पीएम मोदी ने कहा था कि दिल्ली चुनाव जीतने के बाद बीजेपी सबसे पहले यमुना नदी की सफाई करेगी। दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय ने यमुना नदी की सफाई की जानकारी देते हुए कहा, मुना नदी की सफाई का काम पहले ही शुरू हो चुका है। कचरा निकालने वाली मशीनें, खरपतवार निकालने वाली मशीनें और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट आज से नदी में सफाई अभियान शुरू कर चुके हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कल मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव (आई एंड एफसी) से मुलाकात की और उन्हें तुरंत काम शुरू करने को कहा था। दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय ने आगे बताया कि उन्होंने इस मुद्दे से निपटने के लिए चार-आयामी रणनीति बनाई गई है। उन्होंने बताया कि पहली रणनीति में, यमुना नदी की धारा में मौजूद कचरा, कूड़ा और गाद को हटाया जाएगा। दूसरी रणनीति में, नजफगढ़ नाले, पूरक नाले और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। तीसरी रणनीति में, मौजूदा एसटीपी की क्षमता और आउटपुट के संदर्भ में दैनिक निगरानी रखी जाएगी। चौथी रणनीति में, लगभग 400 एमजीडी सीवर के उपचार की वास्तविक कमी को पूरा करने के लिए नए एसटीपी/डीएसटीपी आदि के निर्माण के संदर्भ में एक समयबद्ध योजना बनाई जाएगी और उसे चालू किया जाएगा। कार्यालय ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना को पूरा करने के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच तालमेल पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, लगभग 3 वर्षों में नदी को साफ करने का लक्ष्य रखने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता होगी, जिसमें डीजेबी, आईएंडएफसी, एमसीडी, पर्यावरण विभाग, पीडब्ल्यूडी और डीडीए शामिल हैं। उपर्युक्त कार्यों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर उच्चतम स्तर पर की जाएगी। इसके अलावा, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने भी इस संबंध में एक विस्तृत योजना बनाई है। शहर में औद्योगिक इकाइयों द्वारा नालियों में अशोधित अपशिष्ट के निर्वहन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।



## ऑपरेशन टाइगर पर संजय राउत बोले - सिर्फ 2 घंटे के लिए ईडी दे दो, अमित शाह भी हमारी पार्टी में होंगे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने दावोस दौरे के दौरान ऑपरेशन टाइगर का ऐलान कर सियासी हलचल मचा दी थी. उन्होंने दावा किया था कि पुराने साथी एक के बाद एक शिवसेना में शामिल होंगे. कुछ ही दिनों में रत्नागिरी जिले के राजापुर-लांजा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजन साल्वी ने उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका देते हुए शिवसेना का दामन थाम लिया था. इसके बाद महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना के खिलाफ ऑपरेशन टाइगर की जोरदार चर्चा हो रही है. शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने ऑपरेशन टाइगर को लेकर महायुति की कड़ी आलोचना की. मीडिया से बातचीत करते हुए संजय राउत ने कहा, यह कैसा ऑपरेशन टाइगर है? आज उनके पास सत्ता है. इसलिए सत्ता का आनंद ले रहे हैं. हमलोग भी सत्ता में थे. लेकिन, सत्ता का ऐसा दुरुपयोग नहीं किया है. उनके पास सत्ता और मशीनरी है, इसलिए वे दूसरों पर दबाव बना रहे हैं. हमें सिर्फ दो घंटे के लिए ईडी दे दो, फिर देखें कि अमित शाह भी हमारी पार्टी में शामिल होते हैं या नहीं.



### नाखुश नहीं है पार्टी के नेता

राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि शिवसेना (यूबीटी) नेता भास्कर जाधव नाखुश हैं. शनिवार को हुई बैठक में भी मौजूद नहीं थे. इस पर राउत ने कहा कि उन्हें देर से बुलाया गया था. उनके परिवार के किसी सदस्य की शादी भी थी, इसलिए वे नहीं आ सके. हालांकि ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए. संजय राउत ने कहा भास्कर जाधव कोंकण में शिवसेना यूबीटी के वरिष्ठ नेता हैं. हम उनके संपर्क में हैं. उन्होंने जो रुख अपनाया है, उस पर पार्टी के भीतर चर्चा चल रही है. लेकिन वे नाखुश नहीं हैं.

### रामदास पर साधा निशाना

रामदास कदम ने कहा था, अगर मैंने अपना मुंह खोला तो उद्धव ठाकरे को देश छोड़कर भागना पड़ेगा. इस सवाल पर राउत ने कहा कि अगर वह ऐसा कहते हैं तो क्या हमारे पास बोलने के लिए मुंह नहीं है? संजय राउत ने कहा कि रामदास कदम के हारने के बाद भी उद्धव ठाकरे ने उनको विधान परिषद में भेजा था. अगर उन्हें यह नहीं पता, अगर उनमें कृतज्ञता नहीं है तो उनमें कोई मानवता नहीं है.

## महाकुंभ में अव्यवस्था के कारण हो रहे सड़क हादसे: अखिलेश यादव

**प्रयागराज, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर प्रहार करते हुए महाकुंभ में कुप्रबंधन का आरोप लगाया और वहां की यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुआवजे की मांग की है। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, महाकुंभ के श्रद्धालुओं से भरी बसों व अन्य वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरें प्रतिदिन बढ़ रही हैं। जो बेहद दुखद है। सपा प्रमुख ने हादसों की वजह गिनाते हुए कहा, इसके पीछे मुख्य कारण ये है कि भारी जाम व अव्यवस्था के कारण चालकों की हालत बहुत खराब है। न उनकी थकान उतर रही है न नींद पूरी हो रही है। ऐसे में वो अर्द्ध निद्रा की अवस्था में वाहन चला रहे हैं जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। यादव ने सुझाव देते हुए कहा, साथ ही सड़कों पर पैदल चलनेवालों को बचाने की भी चुनौती है। इसलिए ध्यान भटकते ही मौतें हो रही हैं। इसका समाधान सिर्फ अच्छी व्यवस्था है, जो सरकार ही कर सकती है पर कर नहीं पा रही है।



उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा, महाकुंभ यात्रा पर निकले उन सभी मृतक श्रद्धालुओं को एक समान माना जाए जिनकी भगदड़, हादसा या घुटन आदि कारणों से अलग-अलग जगहों पर मौत हुई है और इसके लिए उनके परिजनों को मुआवजा दिया जाए। सपा प्रमुख ने कहा, सभी घायलों को उपचार के साथ-साथ क्षतिपूर्ति राशि दी जाए। केंद्र और राज्य सरकार इसके लिए विभिन्न कोषों से पैसा उपलब्ध कराएं। जब अरबों रुपये प्रचार पर बहाये जा सकते हैं तो शोक संतप्त परिजनों के लिए सांत्वना के रूप में क्यों नहीं दिये जा सकते हैं।

# बीजेपी 19 फरवरी को करेगी दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी की 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतकर विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी बुधवार को दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का चयन कर सकती है। इससे पार्टी के शीर्ष विकल्प को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग जाएगा। पार्टी सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि नवनिर्वाचित भाजपा विधायक 19 फरवरी को नए मुख्यमंत्री का चयन करने के लिए बैठक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व विधायक दल की बैठक के लिए अपने पर्यवेक्षक भेजेगा, जिसमें दिल्ली विधानसभा में सदन के नेता का चुनाव किया जाएगा। व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए विनोद तावड़े और तरुण चुघ को प्रभारी नियुक्त किया गया है। सदन का नेता दिल्ली का नया मुख्यमंत्री होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सूत्रों ने आगे बताया कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री 20 फरवरी को रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। दिल्ली के नए नेता को चुनने के लिए बैठक पहले सोमवार को होनी थी, लेकिन बाद में इसे स्थगित कर दिया गया। भाजपा के एक सूत्र ने बताया, कल होने वाली भाजपा विधायक दल की बैठक स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 19 फरवरी को होगी। मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह भी 18 फरवरी की बजाय 20 फरवरी को होगा।



### ये दिग्गज लेंगे सीएम शपथ ग्रहण में हिस्सा

भाजपा सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री, एनडीए नेता, केन्द्रीय मंत्री, कॉरपोरेट जगत के उद्योगपति, फिल्म स्टार, क्रिकेट खिलाड़ी, साधु-संत शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

### इनके नामों पर चर्चा तेज

राजधानी की 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 26 साल से अधिक समय के अंतराल के बाद दिल्ली की सत्ता में आई। इसने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के 10 साल के शासन को समाप्त कर दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को हुआ और परिणाम 8 फरवरी को घोषित किए गए। दिल्ली के सीएम पद की दौड़ में कई नाम हैं, जिनमें सबसे प्रमुख नाम प्रवेश वर्मा का है। प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली सीट से आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराकर दिल्ली की राजनीतिक दौड़ में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। सतीश उपाध्याय सीएम पद के लिए एक और मजबूत दावेदार हैं। उन्होंने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है और दिल्ली युवा विंग के अध्यक्ष भी रहे हैं। सूची में तीसरा नाम आशीष सूद का है। जितेंद्र महाजन को भी सीएम पद के लिए संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है। दौड़ में पांचवां नाम विजेंद्र गुप्ता का है। यदि पार्टी किसी महिला नेता को चुनती है तो दिल्ली की पूर्व मेयर और पहली बार विधायक बनीं रेखा गुप्ता एक संभावना हो सकती हैं।

## युजवेंद्र चहल डिवोर्सः

# धनश्री को 60 करोड़ एलिमनी देंगे चहल?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब से क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के तलाक की अफवाहें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, तब से यह जोड़ी व्यापक विवाद का केंद्र बनी हुई है। इन अटकलों ने अब कथित तौर पर गुजारा भत्ता (एलिमनी) की भारी मांग को जन्म दे दिया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों के अनुसार युजवेंद्र चहल के प्रशंसकों ने दावा किया है कि क्रिकेटर को तलाक के लिए धनश्री वर्मा को 60 करोड़ का भारी भरकम गुजारा भत्ता देना होगा।

**➢लेकिन क्या प्रशंसकों की ये अटकलें सच हैं**

नहीं, अटकलें सच नहीं हैं क्योंकि तलाक की अफवाहों को लेकर दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि धनश्री वर्मा ने ऐसे समय में बेबुनियाद दावे फैलाने वालों की आलोचना की थी, जब यह अफवाहें जोरों पर थीं। अभी तक कोई तलाक नहीं हुआ है, इसलिए गुजारा भत्ता का कोई दावा सच नहीं है।

**➢तलाक की अफवाहों पर युजवेंद्र चहल**

इससे पहले जनवरी में युजवेंद्र चहल ने इंस्टाग्राम स्टोरी में अपनी चुप्पी तोड़ी थी और कहा था कि उन्होंने कुछ सोशल मीडिया पोस्ट पर ऐसे मामलों पर अटकलें लगाई जो सच हो भी सकती हैं और नहीं भी। यह कहते हुए कि वह हाल की घटनाओं खासकर मेरे निजी जीवन के बारे में लोगों की जिज्ञासा को समझते हैं। चहल ने कहा, एक बेटे, एक भाई और एक दोस्त के तौर पर, मैं सभी से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि वे इन अटकलों में शामिल न हों, क्योंकि इनसे मुझे और मेरे परिवार को बहुत दुख पहुंचा है।

**➢चहल और धनश्री के तलाक की अफवाहों के पीछे का कारण**

धनश्री वर्मा और युजवेंद्र चहल के तलाक की अफवाहें तब शुरू हुई जब इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। इतना ही नहीं भारतीय क्रिकेटर ने धनश्री के साथ अपनी सारी तस्वीरें भी डिलीट कर दी हैं। हालांकि धनश्री ने भी इंस्टाग्राम पर युजवेंद्र को अनफॉलो कर दिया है, लेकिन उन्होंने उनके साथ कोई तस्वीर नहीं हटाई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा भी किया गया है कि इस जोड़े के बीच तलाक अपरिहार्य है और इसे आधिकारिक होने में बस कुछ ही समय बाकी है।

# दिग्गज खिलाड़ी ने अचानक लिया पत्नी से तलाक



### ➢14 साल पुरानी शादी तोड़कर फैंस से कही बड़ी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ दिनों से भारतीय क्रिकेट के दो बड़े खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग और युजवेंद्र चहल के तलाक की खबरें सुर्खियां बटोर रही हैं. हालांकि दोनों के तलाक पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है. लेकिन इसी बीच दक्षिण अफ्रीका के एक पूर्व खिलाड़ी का तलाक हो गया है. पूर्व खिलाड़ी जेपी डुमिनी ने अपनी पत्नी से तलाक ले लिया है और इसकी जानकारी उन्होंने अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर की है. साथ ही प्राइवेसी की मांग भी की. जेपी डुमिनी ने सोमवार, 17 फरवरी को अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर एक दिल तोड़ने वाली खबर शेयर की है. डुमिनी अपनी पत्नी सू डुमिनी से शादी के 14 साल बाद अलग हो चुके हैं. डुमिनी और सू ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करके अपने तलाक की पुष्टि की है. डुमिनी ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है. इसमें डुमिनी और सू का बयान है. इसमें लिखा, 'बहुत विचार-विमर्श के बाद, सू और मैंने अलग होने का फैसला किया. हम भाग्यशाली थे कि हमने अपनी शादी के दौरान कई यादगार पल एक साथ बिताएं.

## चैंपियंस ट्रॉफीः2025

# हार्दिक पंड्या चैंपियंस ट्रॉफी में रच सकते हैं इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पंड्या चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के लिए अहम साबित हो सकते हैं. एक तो मध्यक्रम में उतरकर ताबड़तोड़ बैटिंग करना और फिर गेंदबाजी में टीम को हेल्प करना इस ऑल राउंडर खेल के चलते हार्दिक पर काफी दारोमदार रहेगा. 50 ओवर फॉर्मेट में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में वो गेंद और बल्ले दोनों से ही धमाल मचाएंगे. अगर उनका बल्ला उनके चिर परिचित अंदाज में रंग जमाता है तो हार्दिक चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में एक बड़ा कारनामा कर देंगे. पंड्या की निगाहें चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बनने पर टिकी होगी. ऐस होता है तो वो क्रिस गेल से 'सिक्सर किंग' का ताज छीन लेंगे और सौरव गांगुली की 'दादागिरी' का भी अंत कर देंगे.



### गांगुली के नाम चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा छक्के

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सौरव गांगुली द्धष्टष्ट चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं. 'दादा' के नाम से मशहूर गांगुली ने इस टूर्नामेंट में 13 मैचों की 11 पारियों में 73 के औसत से 665 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने सबसे ज्यादा 17 छक्के लगाए.

### पंड्या को नंबर 1 बनने के लिए चाहिए 8 छक्के

चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में फिलहाल हार्दिक पंड्या छठे नंबर पर बने हुए हैं. भारत के इस खिलाड़ी ने सिर्फ एक ही चैंपियंस ट्रॉफी (2017) खेली है. उन्होंने पांच मैचों की तीन पारियों में 105 रन बनाए. इस दौरान हार्दिक ने 10 छक्के लगाए थे. सौरव गांगुली का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए उन्हें 8 छक्कों की और जरूरत है. वैसे हार्दिक के लिए ये रिकॉर्ड तोडना बेहद आसान हो जाएगा. क्योंकि उनसे आगे जो भी बल्लेबाज हैं वो सभी रिटायर हो चुके हैं.

### गेल से भी छीनेंगे 'सिक्सर किंग' का ताज

वेस्ट इंडीज के पूर्व धाकड़ खिलाड़ी क्रिस गेल लंबे-लंबे छक्के लगाने के लिए जाने जाते हैं. वो चैंपियंस ट्रॉफी में दूसरे सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी हैं. उन्होंने 17 मैचों में 791 रन बनाते हुए 15 सिक्स लगाए हैं. तीसरे नंबर पर इंग्लैंड के इयॉन मॉर्गन (14 सिक्स), चौथे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन (12 सिक्स) और पांचवे नंबर पर 11 सिक्सेस के साथ इंग्लैंड के पॉल कॉलिंगवुड मौजूद हैं.

# भारत को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले करारा झटका, चोटिल हुआ स्टार खिलाड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए दुबई पहुंच गई है और प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है. भारत का पहला मैच बांग्लादेश से है, जो कि 20 फरवरी को खेला जाएगा. लेकिन टीम इंडिया को इससे ठीक पहले करारा झटका लगा है. एक रिपोर्ट के मुताबिक विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत चोटिल हो गए हैं. पंत को प्रैक्टिस के दौरान घुटने में चोट लगी है. हालांकि इस मामले पर अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है.

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ मैदान पर होगी. इससे पहले बांग्लादेश से मुकाबला होगा. एक खबर के मुताबिक ऋषभ पंत को घुटने में चोट लगी है. वे चोट की वजह से काफी परेशान दिखे. पंत चोट लगने के तुरंत बाद मैदान पर लेट गए. हालांकि इस दौरान भारतीय टीम के फिजियो उनके पास ही थी. पंत की चोट कितनी गंभीर है, इसका अभी पता नहीं चल सका है.

ऋषभ पंत का दिसंबर 2022 में कार एक्सीडेंट हुआ था. इस एक्सीडेंट में उनको गंभीर चोट लगी थी. पंत के घुटने में काफी गंभीर चोट लगी थी. उन्होंने ठीक होने के बाद कमबैक किया. लेकिन अब फिर से घुटने पर चोट लग गई है.

## नीता अंबानी ने बताया

# भारत में क्रिकेट की नर्सरी है मुंबई इंडियंस

**मुंबई, एजेंसी।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक-अध्यक्ष नीता अंबानी ने अमेरिका के बोस्टन में बताया कि कैसे उन्होंने मुंबई इंडियंस टीम के लिए नई प्रतिभाओं की खोज की और हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा को टीम में शामिल किया। मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता अंबानी ने बताया कि कैसे फ्रैंचाइज़ी पांड्या बंधुओं और जसप्रीत बुमराह को अपने साथ जोड़ने में सफल रही। जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं।

क्रुणाल पंड्या भी मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं। जसप्रीत, हार्दिक और क्रुणाल ने मिलकर मुंबई इंडियंस के लिए कई द्धक्क खिताब जीते हैं। मुंबई इंडियंस के लिए खेलने के दौरान ही तीनों ने भारतीय टीम के लिए भी डेब्यू किया। तिलक वर्मा भी भारतीय टीम के लिए डेब्यू (वनडे और टी20 इंटरनेशनल) कर चुके हैं।



के मुताबिक, अमेरिका के बोस्टन में एक कार्यक्रम में नीता अंबानी ने बताया कि कैसे वह फ्रैंचाइजी के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए हर रणजी ट्रॉफी मैच देखने जाती थीं। नीता अंबानी को मैसाचुसेट्स की गवर्नर मौरा हीली ने बोस्टन में गवर्नर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। नीता अंबानी को एक दूरदर्शी लीडर, परोपकारी और सच्ची वैश्विक परिवर्तनकर्ता के रूप में मान्यता दी गई। यह प्रशस्ति पत्र उनके शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खेल, कला, संस्कृति और महिला सशक्तीकरण में परिवर्तनकारी प्रभाव के लिए आजीवन समर्पण के प्रति सम्मान है। जारी वीडियो में नीता अंबानी कह रही हैं, 'आईपीएल में, हम सभी के पास एक निश्चित बजट होता है, इसलिए हर टीम एक निश्चित राशि ही खर्च कर सकती है, इसलिए हमें प्रतिभाओं को लाने के नए तरीकों के बारे में सोचना पड़ा.

इसलिए मुझे प्रतिभाओं की खोज याद है, और मैं हर रणजी ट्रॉफी मैच में जाती थी और मेरे स्काउट्स और मैं इन सभी घरेलू क्रिकेट मैचों में जाते थे।'

## हॉकीः

# प्रो हॉकी लीग में भारत की शानदार वापसी, स्पेन को दूसरे मैच में 2-0 से हराया



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** रविवार को भारतीय टीम अलग नजर आई। उसने मनदीप सिंह (32वां मिनट) और दिलप्रीत सिंह (39वां मिनट) की मदद से गोल कर पूरे तीन अंक बटोरे। भारतीय हॉकी टीम ने शानदार वापसी करते हुए एफआईएच प्रो लीग के रिटर्न मैच में स्पेन को 2-0 से हरा दिया। एक दिन पहले उसे स्पेन से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था। रविवार को भारतीय टीम अलग नजर आई। उसने मनदीप सिंह (32वां मिनट) और दिलप्रीत सिंह (39वां मिनट) की मदद से गोल कर पूरे तीन अंक बटोरे।

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के मैच में रविवार को इंग्लैंड से शूटआउट में 1-2 से हार गई जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था। इंग्लैंड के लिए निर्धारित समय में पेजी गिलोट (40वां मिनट ) और टेसा हॉवर्ड (56वां) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए। भारत के लिए नवनीत कौर (53वां ) और रूतुजा दादोसा पिसल (57वां) ने गोल किए। नवनीत ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया जबकि रूतुजा का मैदानी गोल था। शूटआउट में नवनीत ही भारत के लिए गोल कर सकी जबकि कप्तान सलीमा टेटे, सुनेलिता टोप्पो और लालरेम्सियामी नाकाम रहे। इंग्लैंड के लिए लिली वाकर और कप्तान सोफी हैमिल्टन ने गोल दागे।

# कराची में नहीं लगा भारत का झंडा

## पाकिस्तान ने किया नियमों का उल्लंघन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है. इसके मुकाबले पाकिस्तान के तीन शहरों (लाहौर, कराची और रावलपिंडी) और दुबई में खेले जाएंगे.



टूर्नामेंट का ओपनिंग मुकाबला कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होना है. जबकि भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश से खेलेगी. चैम्पियंस ट्रॉफी की शुरुआत से पहले एक नया विवाद खड़ा हो गया है. दरअसल एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जो कराची के नेशनल स्टेडियम का है. इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कराची के नेशनल स्टेडियम की छत पर चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने जा रहे 7 देशों के झंडे लगे हुए हैं, जबकि भारत का तिरंगा गायब है. इस घटनाक्रम ने फैन्स को हैरान कर दिया है.

# ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान पहुंची

**लाहौर, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच गई। टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। पाकिस्तान गत चैंपियन भी है जिसने 2017 इंग्लैंड में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत को हराकर खिताब जीता था।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 'एक्स पर लिखा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के लिए लाहौर पहुंच गई है। वे 22 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेलेंगे। टीम दो समूह में पाकिस्तान पहुंची। पहले समूह में कप्तान स्टीव स्मिथ, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल थे जो दुबई के रास्ते कोलंबो से पाकिस्तान पहुंचे। दूसरा समूह भी कोलंबो से दुबई होते हुए लाहौर पहुंचा जिसमें 15 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के दो अतिरिक्त सदस्य शामिल थे।

हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार अपने सभी मैच दुबई में खेलने वाले भारत की तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम भी चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी क्योंकि वे हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलकर यहां आए हैं।

ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ अपने शुरुआती मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया अपना दूसरा मैच 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा जबकि 28 फरवरी को फिर से गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला खेलेगा।



# जहीर खान ने वाइफ संग मुंबई में खरीदा आलीशान फ्लैट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के पूर्व क्रिकेटर जहीर खान ने अपनी वाइफ के साथ मिलकर मुंबई के लोअर पारेल क्षेत्र में करोड़ों की कीमत वाला आलीशान फ्लैट खरीदा है.

महाराष्ट्र सरकार की आधिकारिक रजिस्ट्रेशन वेबसाइट अनुसार भारतीय क्रिकेटर द्वारा खरीदी गई प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन फरवरी 2025 में हुआ है. जहीर खान ने यह फ्लैट अपनी वाइफ सगारिका घटगे और उनके भाई शिवजीत घटगे के साथ मिलकर कुल 11 करोड़ रुपये की राशि में खरीदा है.

यह आईशान फ्लैट इंडियाबुल्स स्काई अपार्टमेंट में स्थित है और एक फ्लैट का खरीददार एकसाथ 3 गाडी पार्किंग में खडी कर सकता है. फ्लैट पर 66 लाख रुपये की स्टैम्प ड्यूटी लगी और 30 हजार रजिस्ट्रेशन फीस लगी. मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार लोअर पारेल क्षेत्र में अभी प्रॉपर्टी की कीमत करीब 49,096 रुपये प्रति स्क्वायर फीट है. यहां पर अभिषेक बच्चन, शाहिद कपूर और लेखक अमीष त्रिपाठी जैसे नामी और अमीर लोगों ने भी लोअर पारेल क्षेत्र में फ्लैट खरीदे हुए हैं.

### जहीर खान का शानदार करियर

जहीर खान की बात करें तो उन्होंने साल 2015 में अपने क्रिकेट करियर को अलविदा कह दिया था. उन्होंने 2002-2014 तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया. वो भारत की उस टीम का हिस्सा रहे, जिसने 2002 में श्रीलंका के साथ चैंपियंस ट्रॉफी साझा की थी. उन्होंने 21 विकेट लेकर भारत को 2011 का वर्ल्ड कप जिताने में भी बहुत बड़ा योगदान दिया था. उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में कुल 593 विकेट लिए थे. वो अब भी कपिल देव के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं. क्रिकेट में अपने अतुल्य योगदान के लिए उन्हें साल 2011 में अर्जुन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था.

क्रिकेट से संन्यास के दो साल बाद साल 2017 में उन्होंने सागरिका घटगे से शादी रचाई थी, जो पेशे से एक मॉडल, अभिनेत्री और हॉकी प्लेयर भी रह चुकी हैं.

# सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की सभी शिकायतों का निराकरण करें

## ई आफिस से जुड़ी जानकारी तथा समग्र आईडी फीडिंग तत्काल अपडेट करें : कलेक्टर

रीवा

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर में श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनवरी माह में दर्ज शिकायतों तथा सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण तत्काल कराएं। कार्यालय प्रमुख स्वयं आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए आवेदकों से चर्चा करें। बैठक में गूगल मीट के माध्यम से शामिल तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी तहसीलदार हल्कावार लंबी शिकायतों की सूची बनाकर पटवारियों को दें। पटवारियों के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण कराएं। एसडीएम प्रकरणों के निराकरण की मॉनीटरिंग कर दो दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। स्वास्थ्य विभाग में सीएम



हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतोषजनक निराकरण नहीं किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी लापरवाही बरतने वाले बीएमओ के विरूद्ध कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने कहा कि पीएचई विभाग में भी लगातार शिकायतें बढ़ रही हैं। कार्यपालन यंत्री इनका निराकरण करें। ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, श्रम विभाग, नगरीय विकास, वित्त विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि से जुड़ी शिकायतें प्राथमिकता से निराकृत करें। फार्मर रजिस्ट्री में सभी तहसीलों में अच्छा कार्य हुआ है। इसकी लगातार मॉनीटरिंग करके लक्ष्यों क अनुसार फार्मर रजिस्ट्री कराएं। सभी तहसीलदार पटवारियों के माध्यम से तय समय सीमा तक फसल गिरदावरी अनिवाय रूप से करा दें। वक्फ सम्पत्तियों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने एवं सत्यापन पर भी विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी ई आफिस के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के ईमेल नम्बर दो दिवस में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। पीएम अवार्ड से संबंधित सभी विभाग अद्यतन जानकारी दो दिवस में आनलाइन दर्ज करा दें। सभी अधिकारी अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के इम्पलाई आईडी में समग्र डाटा दर्ज करा दें। समग्र डाटा दर्ज न होने पर इस माह का वेतन प्राप्त नहीं होगा। बैठक में कलेक्टर ने युवाशक्ति मिशन, प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना तथा गेंहू उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारी निर्माण एजेंसियों से एक सप्ताह में खनिज रायल्टी की लंबित राशि का शत-प्रतिशत भुगतान कराएं। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेंशन प्रकरणों की संभागीय समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में 18 फरवरी को संभागीय पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी। कमिश्नर ने निर्देश दिये हैं कि लंबित पेंशन प्रकरणों को पेंशन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुतकर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि जिन विभागों के संभागीय व जिला अधिकारियों द्वारा उनके विभागीय पेंशन प्रकरण निराकरण नहीं होगे उन्हें जिम्मेदार मानकर कार्यवाही की जायेगी।

## प्रभारी मंत्री आज भोपाल जायेंगे

**रीवा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल 18 फरवरी को प्रयागराज से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 12 बजे रीवा सर्किट हाउस पहुंचेंगे तदुपरांत दोपहर एक बजे वायुयान द्वारा भोपाल रवाना होंगे।

## युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार मेले से 118 युवाओं को मिले रोजगार के अवसर

रीवा

युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में शासकीय आईटीआई रीवा में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। इसमें 323 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 11 निजी कंपनियों ने 118 युवाओं का चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात ने 12 युवाओं का चयन किया। इसी तरह ख्याति शील्ड वैन्टुरेज प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ ने 15, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा. लि. सतना ने 4, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा ने 12, प्रगतिशील बायोटेक रीवा ने 10, फूड प्रोड्क्टस उद्योग विहार चोरहटा ने 14, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड पुणे ने 10, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा ने 14 तथा डी एण्ड एच सेचरोन इंदौर ने 27 युवाओं का चयन किया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय तथा आईटीआई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्रोत्साहन राशि स्वीकृत

**रीवा।** अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान बालक, बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि के तौर पर 50 हजार रूपये स्वीकृत किये गये हैं। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेन्द्र कुमार प्रजापति निवासी बीड़ा एवं साहिल वर्मा निवासी तिलक नगर रीवा को नीट के माध्यम से मेडिकल कालेज में प्रवेश प्राप्त होने पर पच्चीस-पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि मंजूर की गई है।

## परीक्षा पूर्व नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 28 फरवरी तक आमंत्रित

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन 28 फरवरी तक आमंत्रित किये गये है।

प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष तथा परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रूपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र से प्राप्त की जा सकती है।

## राजस्व मंत्री 19 फरवरी को रीवा होकर प्रयागराज जायेंगे

रीवा

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा 18 फरवरी को भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा रवाना होकर 19 फरवरी को प्रातः 8 बजे रीवा पहुंचेंगे। रीवा सर्किट हाउस में अल्प विश्राम के उपरांत श्री वर्मा प्रातः 9 बजे प्रयागराज रवाना होंगे। प्रयागराज से श्री वर्मा शाम 6 बजे वापस रीवा आयेंगे तथा रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल प्रस्थान करेंगे।

### उप मुख्यमंत्री ने बेला सिलपरा बाईपास सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

## बाईपास का निर्माण पूरा होने से रीवा में वाहनों का दबाव घटेगा : शुक्ल

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन बेला सिलपरा बाईपास मार्ग का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने बाईपास मार्ग में बनाये जा रहे पुलों के निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेला से सिलपरा बाईपास का निर्माण पूरा होने से रीवा शहर में रिंग रोड के दोनों भाग पूरे हो जायेंगे। जबलपुर तथा सतना की ओर से आने वाले एवं सीधी और



सिंगरौली जाने वाले वाहनों को बेला से सीधा मार्ग मिल जायेगा। बाईपास का निर्माण पूरा होने से रीवा में वाहनों का दबाव घटेगा। यह बाईपास रीवा के साथ-साथ सीधी और सिंगरौली जिले के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसके निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्य में किसी भी तरह की बाधा आने पर तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करायें। बरसात से पहले बाईपास सड़क का निर्माण हरहाल में पूरा करायें। यह सड़क विन्ध्य में औद्योगिक विकास को गति देने में भी सहायक होगी। निरीक्षण के समय प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवड़े, तकनीकी अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज देहरादून में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज देहरादून में जनवरी 2026 सत्र हेतु आठवीं कक्षा में प्रवेश के लिये छात्र-छात्राओं के आवेदन 31 मार्च तक आमंत्रित किये गये हैं। प्रवेश परीक्षा एक जून को आयोजित होगी। प्रवेश के लिये आयु सीमा साढ़े ग्यारह वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थी को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से सातवी कक्षा में अध्ययनरत अथवा सातवीं कक्षा पास होना अनिवार्य है।

## कमिश्नर और आईजी ने सतना रेलवे स्टेशन में देखी महाकुंभ के लिए की गयी व्यवस्थाएँ

### रीवा रेलवे स्टेशन भी पहुंचे कमिश्नर और आईजी

**रीवा।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में तीर्थयात्रियों की भीड़ लगातार जारी है। सड़क मार्ग के साथ-साथ रेल मार्ग से भी हजारों तीर्थयात्री कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। संभाग के प्रमुख रेलवे स्टेशन सतना में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ है। नियमित ट्रेनों के साथ साथ मेला स्पेशल ट्रेनों से तीर्थयात्रियों को प्रयागराज भेजने की व्यवस्था की गयी है। यात्रियों के ठहरने के लिए रेलवे द्वारा पंडाल बनाये गये हैं। रीवा संभाग के



कमिश्नर बीएस जामोद तथा आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने सतना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करके यात्रियों की सुरक्षा और सुरक्षित आवागमन के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर और आईजी ने तीर्थयात्रियों से भेंट करके उनसे रेलवे स्टेशन में की गयी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। तीर्थयात्रियों ने रेलवे स्टेशन में की गयी व्यवस्थाओं की सराहना की। कमिश्नर तथा आईजी ने प्लेटफार्म जाकर भी यात्रियों से भेंट की तथा सुगम यात्रा एवं कुंभ स्नान के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार ने तीर्थयात्रियों के लिए की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवेश सिंह बघेल, एसडीएम राहुल सिलाड़िया, सीएसपी महेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में तीर्थयात्री उपस्थित रहे। कमिश्नर श्री बीएस जामोद एवं आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचकर की गयी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

## उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कैंसर यूनिट का किया निरीक्षण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मेडिकल कालेज परिसर में निर्माणाधीन कैंसर यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्वरित गति से पूर्व गुणवत्ता के साथ कार्य को संपादित करायें। इस दौरान डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल सहित चिकित्सक व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री 19 फरवरी को आयेंगे रीवा

**रीवा।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान 19 फरवरी को रीवा आयेंगे। मंत्री श्री चौहान 19 फरवरी को कार द्वारा सुबह 10 बजे भोपाल से प्रस्थान करके जबलपुर, कटनी होते हुए शाम 7 बजे रीवा पहुंचेगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री श्री नागर 20 फरवरी को सुबह 6 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ में संगम स्नान एवं पूजन करेंगे। मंत्री श्री नागर प्रयागराज से दोपहर 2 बजे बनारस के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री श्री नागर शाम 4.30 बजे बनारस पहुंचकर काशीविश्वनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजन करके रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री श्री नागर रात 11.30 बजे रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री श्री नागर 21 फरवरी को सुबह 10 बजे कार द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री जी के दौरे के समय सांसद, लोकसभा क्षेत्र रतलाम श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान उनके साथ रहेगी।

## मेहनत एवं ईमानदारी से किये गये कार्य का सकारात्मक परिणाम मिलता है : शुक्ल



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मेहनत एवं ईमानदारी से किये गये कार्य का सकारात्मक परिणाम मिलता है। हमारे पूज्य पिता जी की स्मृति में आयोजित किये जा रहे टूर्नामेंट के आयोजक बधाई के पात्र हैं। पूर्वजों की स्मृति आने वाली पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त करती है। उप मुख्यमंत्री ने अपने गृह ग्राम ढ़ेरा में स्व. भैयालाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता व उप विजेता टीम को नगद पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की। ढ़ेरा के स्टेडियम में आयोजित दसवें स्व. भैयालाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पूर्वजों का स्मरण मेहनत व ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा देता है। मेरे पूज्य पिता जी के कारण ही इस गांव का नाम प्रदेश में था तथा मेरी पहचान भी उन्हीं के कारण थी। उनके बताये रास्ते पर चलने का प्रयास हम करते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पिता जी की कार्यशैली की सुगंध हर जगह फैली थी आज भी उनके पुण्य प्रताप का ही फल मिल रहा है। उन्होंने आयोजनों को टूर्नामेंट के सफल आयोजन की बधाई दी तथा कहा कि हर संभव सहयोग रहेगा। श्री शुक्ल ने रोमांचक मैच की खुले दिल से प्रशंसा भी की।

उप मुख्यमंत्री ने विजेता आर.एन. क्लब तमरी टीम को चालीस हजार रूपये पुरस्कार राशि व विजेता ट्राफी प्रदान की जबकि उप विजेता डीसीए क्लब ढ़ेरा को तीस हजार रूपये व उप विजेता ट्राफी प्रदान की गई। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, पद्मेश गौतम, केसरी प्रसाद त्रिपाठी, नवल शुक्ला, वनमण्डलाधिकारी रीवा श्री लोकेश सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी जन उपस्थित रहे।

## लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में 3263 परीक्षार्थी हुए शामिल

**रीवा।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा रीवा जिले में 12 परीक्षा केन्द्रों में प्रारंभिक परीक्षा 2025 दो पालियों में आयोजित की गयी। परीक्षा में कुल 3881 परीक्षार्थियों ने शामिल होने के लिए आवेदन किया था। परीक्षा के प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे में 3298 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 583 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की दूसरी पाली में दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित परीक्षा में 3263 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 618 अनुपस्थित रहे। इस संबंध में परीक्षा प्रभारी संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों में प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा संपन्न होने के बाद आंशरशीट नियमानुसार सील बंद करके लोक सेवा आयोग को भेजी जा रही है। सभी परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधिकारियों तथा कार्यपालन दण्डाधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का लगातार भ्रमण करके कानून व्यवस्था की निगरानी की।

## उप मुख्यमंत्री ने कन्या छात्रावास भवन तथा श्री अन्न भण्डार भवन का किया लोकार्पण

### कृषि महाविद्यालय के विकास के लिए 12.37 करोड़ की कार्ययोजना शीघ्र होगी लागू : उप मुख्यमंत्री

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कृषि महाविद्यालय परिसर में अवनि कन्या छात्रावास भवन तथा श्री अन्न प्रसंस्करण एवं भण्डारण भवन का लोकार्पण किया। इनका निर्माण एक करोड़ 5 लाख रूपये की लागत से कराया गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा कृषि महाविद्यालय 1952 से स्थापित है। इसके भवन निर्माण तथा अधोसंरचना विकास के अन्य कार्यों की बहुत आवश्यकता है। इसके लिए बनायी गयी 12 करोड़ 37 लाख रूपये की कार्ययोजना विश्वविद्यालय से मंजूरी मिलने के बाद शीघ्र लागू होंगी। महाविद्यालय में नये संकायों के खोलने, प्राध्यापकों की नियुक्ति तथा शोध के लिए सुविधाएँ उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय विन्ध्य में श्री अन्न की वैज्ञानिक विधि से खेती के लिए बडे केन्द्र के रूप में विकसित होगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि महाविद्यालय को कुछ



महीने पहले सुन्दर सड़क का उपहार दिया गया है इसमें शीघ्र ही स्ट्रीट लाइट लगायी जायेंगी। इस सड़क के दोनों ओर महाविद्यालय वृक्षारोपण करा के हराभरा बनायें। आज 30 विस्तर कन्या छात्रावास का लोकार्पण किया गया है। इससे छात्राओं को बहुत सहूलियत होगी। इस महाविद्यालय में लगभग 40 प्रतिशत छात्राऐं हैं। महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों का प्लेसमेंट शत-प्रतिशत है। इसके लिए मैं महाविद्यालय को बधाई देता हूँ। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि महाविद्यालय में श्री अन्न स्टोर और प्रसंस्करण केन्द्र बन जाने से विन्ध्य के किसानों को कोदों, कुटकी, मक्का, ज्वार, बाजरा जैसे श्री अन्न के उन्नत बीज मिलेगें। महाविद्यालय में स्टाफ की कमी की समस्या दूर होगी। सांसद ने कहा कि विद्यार्थी नशे की बुराई से स्वयं को दूर रखकर पढ़ाई में ध्यान दें। अच्छे अंकों और अच्छे पद प्राप्त करके अपने परिवार और विन्ध्य का नाम रोशन करें। समारोह में उप मुख्यमंत्री तथा सांसद ने महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों तथा पम्पलेट का विमोचन किया।

समारोह में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरू डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि श्री अन्न प्रसंस्करण केन्द्र शुरू होने से विन्ध्य के किसानों को बहुत लाभ होगा। पूरी दुनिया में श्री अन्न की मांग लगातार बढ़ रही है। उप मुख्यमंत्री जी ने कृषि महाविद्यालय के विकास में अतुलनीय योगदान दिया है। आपके प्रयासों से ही महाविद्यालय अनुसंधान के क्षेत्र में प्रगति करेगा। समारोह में महाविद्यालय के डीन डॉ. संत कुमार त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास की जो गति धीमी हो गयी है उसे उप मुख्यमंत्री जी और सांसद जी के आशीर्वाद से गति मिलेगी। कालेज के विकास के लिए 12 करोड़ 37 लाख की कार्ययोजना बनायी गयी है। इसमें पुराने भवन के जीर्णोद्धार तथा 100 सीटर छात्रावास भवन निर्माण शामिल हैं। पोस्ट ग्रेज्युट कक्षाओं तथा अनुसंधान कार्य के लिए अनुभवी प्रध्यापकों की जरूरत है। समारोह में कृषि महाविद्यालय के डॉ. अनीता बब्बर, डॉ. धीरेन्द्र खरे, डॉ. आरपी जोशी, डॉ. जीके कौल, डॉ. दिनकर शर्मा तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन डॉ. आरके तिवारी ने किया।

## उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अंकिश सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ह्मदय रोग से पीड़ित अंकिश सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अंकिश से कुशल क्षेम पूंछी तथा चिकित्सकों को समुचित उपचार के निर्देश दिये।

## उप मुख्यमंत्री ने आमजनों से किया संवाद

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जनसंवाद कार्यक्रम में सर्किट हाउस राजनिवास रीवा में आमजनों से संवाद करते हुए उनकी समस्यायें सुनीं तथा अधिकारियों को यथोचित निराकरण करने के निर्देश दिये।

## विधानसभा निर्वाचन में अधिग्रहीत वाहनों के भुगतान हेतु बैंक खातों की जानकारी प्रस्तुत करें : उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**रीवा।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने निजी वाहन मालिकों से अपेक्षा की है कि अधिग्रहीत वाहनों के किराया भुगतान के लिये बैंक खातों की जानकारी प्रस्तुत करें ताकि विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान अधिग्रहीत वाहनों के किराया का भुगतान कराया जा सके।

भूमि संसाधन विभाग
Department of Land Resources
Ministry of Rural Development
Government of India

सत्यमेव जयते

मध्यप्रदेश शासन


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

नक्शा

**NA**tional geospatial **K**nowledge-based land **S**urvey of urban **HA**bitations

शहरी भूमि की सही पहचान

# सिटी सर्वे प्रोग्राम का राष्ट्रीय शुभारंभ

### विशेषताएं

- डिजिटल भूमि रिकॉर्ड
- हवाई सर्वेक्षण और नई तकनीक
- वेब जीआईएस प्लेटफॉर्म
- भू-स्थानिक डेटा
- ट्रांसपेरेंट सिस्टम

### लाभ

- मालिकाना हक की स्पष्टता
- शहरी विकास में तेजी
- क्रेडिट और लोन की आसानी
- संपत्ति कर वसूली में सुधार
- आपदा प्रबंधन में सहायक

**अध्यक्षता**

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**मुख्य अतिथि**

## शिवराज सिंह चौहान

केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण
तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय

**विशिष्ट अतिथि**

## डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी

केन्द्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास तथा संचार मंत्रालय

**18 फरवरी, 2025 | पूर्वाह्न - 11:00 बजे | रायसेन, मध्यप्रदेश**

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11184/24
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833